SHRI SONTOSH MOHAN DEV (Silchar): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I rise to support the Supplementary Demands for Grants (General) which are laid on the Table of the House by the honourable Finance Minister. At the very outset, I convey my thanks to him for the able way in which he managed the economy of the country in the context of the difficult world situation of inflation. Our Finance Minister is definitely doing well, but when we come to the House and hear our Finance Minister speaking with facts and figures and giving elaborate speeches about different schemes and after that when we go back to our constituencies and try to explain the same to our people, people laugh at us. For that, I do not blame him. It is the implementation machinery which is responsible and that is not being geared up properly, and for that reason I would like to draw the attention of the hon. Finance Minister—and I hope he will not be much disturbed by Dr. Subramaniam Swamy very much.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Mohhan Dev, you would not have told your people in your constituency....

SHRI SONTOSH MOHAN DEV: Because Swamy Ji is very much excited today. This is the first day when I see him getting excited. Never in my life I have seen him getting excited.

MR. DEPUTY-SPEAKER: No, no. You would not have told.....

(*Interruptions*)

DR. SUBRAMANIAM SWAMY (Bombay North East): Even for that matter you would also be excited.

SHRI SONTOSH MOHAN DEV: I hope how you are cooled down.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: Yes, in your presence.

SHRI SONTOSH MOHAN DEV: About the schemes. I would like to draw the attention of the Finance Minister to one thing. I have written letters to him and some of the letters have been attended to by him and action is being taken. He is one of those Ministers who, when you draw his attention, takes action. That is why I wanted to draw his pointed attention regarding this. The IRDB scheme is a scheme where the bank has got a vital role to play. Recently I had been to my constituency for two days and attended a meeting of the Bank where

the Deputy Commissioner is the Chairman of the District Committee. Unfortunately, about 9000 petitions are pending in Silchar, Karimganj and Hailakandi in Cachar District which is a part and parcel of Assam where there is no agitation, no bandh, no civil disobedience and where everything is working properly. One Member who is a Minister, Mr. Laskar, is sitting here. And I am another Member from there. The whole of Assam has boycotted, but unfortunately we cannot give any benefit to the people, though the Central Government has given a scheme, because of the non-functioning of the banks. Banks come forward with different arguments. One of the arguments they put forward is because the Banking Service Commission in Assam is without a Chairman, they cannot appoint many M.Ds. the posts of which are being sanctioned by the Government in different banks. This is a very vital problem. So, I would urge upon the Finance Minister to see that this particular point is attended to and the Chairman of the Board of the Banking Service Commission is selected or elected—I do not know what is the procedure—as soon as possible.

As regards IRDB schemes, I would urge upon you to request or to instruct different Chairman of the nationalised banks to submit a report regarding the proposals which are pending before these different banks and what are the difficulties in the way of implementation. I am not making a charge against any bank. There might be some genuine difficulties, but it is our function to see that these are being overcome. When the hon. Finance Minister made the last Budget speech, I drew his attention to royalty in Assam. He was kind enough to say that that was under the consideration of the Government. I urge upon him that before it is too late, decision on this may be given.

As regards District of Cachar, the work is being done at Gauhati level. Unfortunately, in Gauhati there is some agitation. Regional Bank Manager's office is in Gauhati. Various proposals which are being sent from the people in Tripura, Cachar and Manipur and different banks to the Regional Office in Gauhati are not being processed. I will urge upon the Finance Minister to have a Regional Manager's Office at Silchar so that things can be cleared up and work can be done properly for the people of our area. I am not casting any aspersion on anybody but since we have fought election and it is difficult for our people to get things processed, so I will urge upon the hon. Finance Minister to look into this aspect.

The hon. Finance Minister was kind enough to give Divisional Office of L.I.C. I assured him them that the business would go up. Only two days back I met the Divisional Manager. He told me that they were getting more business. If Regional Office asked for is given, the realisation of money from Cachar from different banks will also go up. It would be better than what it is now.

The hon. Finance Minister has done a very good thing so far as the tea industry is concerned. It is earning two thirds of our foreign exchange. It is one of the export commodities. This benefit which has been given in excise for directly sending tea to the market, unfortunately, is going to a few business houses which are directly connected with the export market. Different commodity organisations have submitted different memoranda. Their delegation is coming to meet the hon. Finance Minister to-morrow. I will request him to look into this aspect and see how best this benefit can be given to the producers and not to the merchants specially in Darjeeling area. The hon. Finance Minister knows things for himself. He told me that one day he would do something whereby Darjeeling tea does not lose its market. The producer is not getting benefit because of some administrative difficulties. I would request him to look into this particular aspect.

It is the policy of the Government that for every Block Headquarters there should be a bank branch. In my District this is being followed.

[Shri Sontosh Mohan Dev]

Systematically it is going on. Is Assam and in my district there are certain remote areas which are far away from the present banking set up of Block Head-quarters. This is a case in Arunachal and Nagaland. I think it is Government thinking and that in such cases deviation should be made. I will request the hon. Finance Minister to clear this issue as per certain proposals from the evarious banks to deviate. The Bank Managers and Regional Managers have told him certain things. But it is to be cleared by the higher authority. This particular aspect shoud be tooked into. It is tribal belt people. In very remote areas they have to walk fifteen to twently miles. There is no communication. This particular aspect must be seen. I shall have enough time to speak on the Assam Budget, I thank you for giving me this chance.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Nagaratnam. Your Party has been allotted 7 minutes.

SHRI T. NAGARATNAM (Sriperumbudur): Hon. Deputy-Speaker, I would support the Supplementary Demand for Grants presented before this House by our hon. Finance Minister.

I would like to express my views on the Supplementary Demand for Grants. The hon. Finance Minister has sought the approval of this House for the additional gross expenditure of Rs. 333.42 crores besides a national provision of Rs. 12,000 crores which is required to cover adjustments connected with the discharge of treasury bills in the accounts. In the year 1980, our Government had inherited an economy which was in a bad state so that the growth of the economy was retarded. I must congratulate the Government for the steps taken in the field of inflation, development and supply management. I am very glad to note that the rate of inflation has shown a fall from 22.2 per cent to 14.8 per cent and further to 10.4 per cent from the year 1980. But most of the neighbouring countries have not controlled inflation. We have made import of wheat, edible oil and sugar. Timely action has been taken for the growth of our mixed economy.

I find that prices are rising, unemployment is growing and our balance of payment position is going from bad to worse, particularly in Tamil Nadu. They are in the black list. The Government without extracting work from the village Officers have been paying more than Rs. 6.00 crores. Now, the services of 24,000 village officers have been terminated about one year back by the way of an Ordinance. The Tamil Nadu Government were ready to pay the money without extracting work from the village officers and the Government had accepted this in a court of law.

The industrial units should be properly utilised. For this, the Government should give clear instructions to the private sector to follow the Government principles. Otherwise, their licences should be cancelled. The industries in the private sector are not following the Government procedures, rules and regulations properly. In that case, the hon. Finance Minister should give directions not only through the Industries Minister but also to the State Government to cancel the licences. People in the private sector approach the State Government to acquire land to start an industry but they get the permission for starting from the the Central Government. The private sector industries are doing business on their own principles but they are not following the principles of Central Government.

The petrol prices are very high. The production of food grains has gone up but the prices have not come down correspondingly. Now, our country has entered int a deal with the International Monetary Fund for getting the highest loan from that organisation. Therefore, I would request that allocation of funds to the State of Tamil Nadu may be increased.

The agriculturist position in Tamil Nadu is the worst . A false hope was

given by the Chief Minister of Tamil Nadu during the time of election that he would wipe out all the loans of the agriculturists. But the loans are still pending and the poor agriculturists cannot repay the loans. Now the Chief Minister could not fulfil his false hope. Now I would request the Central Government and the hon. Finance Minister to give suitable directions to the Chief Minister of Tamil Nadu either to cancel the loans or wipe them out.

In regard to loans to the Central Government employees, the Budget provides Rs. 19 crores for the grant of house building advances to the Central Government employees and the employees of the Union Territory administrations. Now, it is estimated at Rs. 32 crores. Therefore, a supplementary grant of Rs. 13 crores is being sought. I welcome it. But the amount is not sufficient. I would like to bring to the kind attention of the hon. Finance Minister that most of the employees are not able to purchase even a plot with a loan of Rs. 30,000 which is given to them. How can they purchase a flat or construct a house? Therefore, I request the hon. Minister to increase the amount of house building advance for the employees.

In my constituency Sriperumbudur —the hon. Finance Minister knows very well that Chinglepet district is divided in two constituencies, Chinglepet and Sriperumbudur—particularly, Ponneri taluk, Gummudipoondi taluk, Uthukossai taluk, Tiruvellore taluk and Thiruttani taluk in Chinglepet district are very backward in industry as well as in irrigation. I would request the hon. Minister to start industries in those areas so that the people will get job opportunities and there will be economic development in those areas.

The Kalpakkam Energy Self-Sufficiency Scheme should be started early so that thereafter the energy supply will be very easy to get.

There are about 1 lakh fishermen living in my constituency on the sea shore of the Bay of Bengal, that is, in Pulicut—it is also the constituency of the Deputy-Speaker. The people cannot cross the channel, the black sea waters. There is one light house Kuppam near the sea shore. From Pulicut to Kuppam, they cannot cross the channel. It is a long-standing demand, pending for a long time. A bridge has to be constructed there which will be very convenient for the fishermen to carry fish and sell it.

Also, the Neyveli second mine cut is already over. I request the Finance Minister to consider at least the third mine cut in the next Budget, so that it can also be started.

Then, there is long pending Sethusamudram Canal project. The original estimate of expenditure was Rs. 25 crores. That was about 25 years ago. This cost estimate must have increased very much now. If it is started, I may say that it is equal to the Suez Canal. Therefore, I request the Finance Minister to consider it and this project also may be started early.

I may be permitted to draw the kind attention of the Finance Minister that the Chief Minister of Tamil Nadu so far has not paid the income-tax. Why the Finance Minister has not asked the Chief Minister about it? The Chief Minister of Tamil Nadu is occupying a high public office. In the last Budget session, the Finance Minister said that the Chief Minister had promised to dispose of the property to pay the arrears. But I learnt that he has sold his property to his own son and wife.

MR. DEPUTY-SPEAKER: It is for the Government to collect.

SHRI T. NAGARATNAM: The Central Government must interrogate the Chief Minister on this matter.

Further, the Syed Yusufs' Brothers, The Sheikh Mohammad Rowther & Co. and the Syed Ibrahim Co., the private shipping firms, have violated the foreign exchange regulations. The Central Government must look into this matter.

[Shri T. Nagaratnam]

The Central Government must take up this matter.

Lastly, I would submit that Sudarsan Chit Fund in Madras have cheated....

MR. DEPUTY-SPEAKER: That Bill is coming.

SHRI T. NAGARATNAM: Rs. 80 crores to chit holders. So far they have not been asked anything in this regard.

I request the Finance Minister to take up this matter and also he is not a poor man. He is running an international hotel in Madras. Therefore, his explanation must be called and report to the Central Government should be given.

I wholeheartedly support the demands.

I conclude my speech.

**श्री गिरधारी लाल व्यास** (भीलवाड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय वित्त मंत्री महोदय ने जो सप्लीमेंट्री डिमाण्ड्स सदन में विचारार्थ रखी हैं, उस का मैं स्वागत करता हूं और समर्थन करता हूं ।

खास तौर से मैं राजस्थान जिन कठिनाइयों से जूझ रहा है, उन के बारे में माननीय वित्त मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । राजस्थान में तीन साल से भयंकर अकाल है और उस अकाल की वजह से जो कठिनाइयां आज राजस्थान को भुगतनी पड़ रही हैं, उन कठिनाइयों के संबंध में जब तक भारत सरकार हमारी मदद नहीं करेगी, तब तक राजस्थान की पीड़ित जनता को जिस प्रकार काम काज देना चाहते हैं, पीने के पानी की व्यवस्था करना चाहते हैं, उनके फूडग्रेन की व्यवस्था करना चाहते हैं, जानवरों के लिए जो व्यवस्था करना चाहते हैं और जो भी उन के सामने कठिनाइयां हैं, उन की व्यवस्था करना चाहते हैं—उस में माननीय वित्त मंत्री महोदय का पूर्ण सहयोग आवश्यक है । आप जानते हैं कि राजस्थान की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है, 100 करोड़ रुपए का ओवर-ड्राफ्ट है । ऐसी हालत में पीड़ित लोगों को जब तक अकाल राहत काम नहीं दिया जाएगा, उन की जब तक रोजी-रोटी की व्यवस्था नहीं की जाएगी, तब तक उन की हालत नहीं सुधर सकती है । इसलिए नितान्त आवश्यक है कि भारत सरकार इस काम में ज्यादा से ज्यादा मदद करे । पिछले साल जिस प्रकार का अकाल था और आपने मदद की, उस की वजह से वहां के लोगों को बहुत बड़े पैमाने पर राहत कार्य मिले, जिसकी वजह से लोग भी वहां ठहर सके और अपना कामकाज मजदूरी करके व्यवस्था को जमा पाए । दिसम्बर का महीना खत्म होने को आया है और अब भारत सरकार की स्टडी-टीम आज कल में

**14.57 hrs.**

[SHRI GULSHER AHMED *in the Chair*]

वहां पहुंची है और उस के बाद स्टडी टीम अपनी रिपोर्ट देगी तथा उस की सिफारिशों को लागू करने में आप दो-तीन महीने का समय ले लेंगे । और उस के बाद आप कुछ राहत देने की कोशिश करेंगे । मेरा मतलब कहने का यह है कि जल्दी से जल्दी राहत मिलनी चाहिए, ताकि वहां के लोगों को काम काज जल्दी उपलब्ध हो—इस संबंध में मेरी विनम्र प्रार्थना मंत्री महोदय से है ।

दूसरा निवेदन यह है कि राजस्थान में 35 हजार गांव हैं, जिन में से 10 हजार गांव ऐसे हैं, जिनमें पीने के पानी की व्यवस्था दो-दो, चार-चार, पांच-पांच या सात-सात मील तक नहीं है । बहुत दूर दूर से पीने का पानी लाना पड़ता है । इस भयंकर अकाल की स्थिति में यह स्थिति और भी खराब हो गई है । जो कुंएं 250–300 फीट गहरे थे, उनमें वाटर लैवल और नीचे चला गया है और इस से बहुत ही कठिन समस्या उन

गां ों के सामने उपस्थित हो गई है । इसलिए मैं चाहता हूं कि वहां टैंकर्स के जरिए से या अन्य प्रकार से पीने के पानी की व्यवस्था की जाए तथा जो ट्यूब वैल 50-50 या 60-60 मील पर खोदे हुए हैं, उन ट्यूब वैलों से पानी ले जाकर उन लोगों को मुहैया कराया जाए । इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं, इस संबंध में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए राजस्थान को बड़े पैमाने पर पैसा दिया जाए, ताकि वहां के लोगों को जानवरों को पीने के पानी की व्यवस्था की जा सके ।

**15.00 hrs.**

इस प्रकार की व्यवस्था वहां पर नितान्त आवश्यक है वरना हजारों लोग पीने के पानी के अभाव में दम घुट-घुट कर मर जायेंगे ।

इसी प्रकार से जानवरों के सम्बन्ध में भी बहुत जबरदस्त कठिनाई है । आप जानते हैं राजस्थान अपने जानवरों के लिये बहुत मशहूर है वहां पर गाय, बैल तथा दूसरे जानवरों की करोड़ों रुपये की सम्पत्ति है और जो वहां डेजर्ट एरिया है उस के जीवन-निर्वाह का साधन केवल जानवर हैं, दूसरा कोई साधन वहां पर मौजूद नहीं है । लेकिन वहां का लाइव-स्टाक आज बिना चारे और पानी के मर जायगा--इस सम्बन्ध में तुरन्त व्यवस्था करने की जरूरत है । इस के लिये आस पास के राज्यों से, चाहे हरियाणा हो, पंजाब हो, गुजरात हो, मध्य प्रदेश हो, बहुत बड़े पैमाने पर चारा मुहिया कराया जाय ताकि इस करोड़ों रुपयों की सम्पदा को मरने से बचाया जा सके । आप जानते हैं--हमारे लाइव-स्टाक ने राजस्थान की प्रगति में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इन के द्वारा हम वहां पर सफेद-क्रान्ति लाने की कोशिश कर रहे हैं--लेकिन चारे और पानी के अभाव में यह सब समाप्त हो जायगा । इस लिए इस प्रकार की व्यवस्था नितान्त आवश्यक है ।

इन समस्याओं का मुकाबला करने के लिए राजस्थान को धन से अधिक से अधिक सहायता की जाय । हमारी राजस्थान सरकार ने भारत सरकार से 235 करोड़ रुपयों की मांग की है । हमारे अकाल से पीड़ित लोगों को यदि मरने से बचाना है, उन को रोजी और रोटी देनी है तो भारत सरकार को इतनी धनराशि अवश्य देनी होगी, वरना वहां की हालत बहुत खस्ता हो जायगी और आगे चल कर आप को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा । उन के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की जाय, अनाज की ज्यादा से ज्यादा सप्लाई की जाय, क्योंकि खरीफ की फसल तो पहले ही नहीं हुई और अब रबी की फसल भी पानी के अभाव में पैदा नहीं हो रही है । इसलिए फूड ग्रेन की सप्लाई ज्यादा से ज्यादा मात्रा में की जाय । जानवरों के लिये खास तौर से चारे की व्यवस्था की जाये । वहां की अकाल पीड़ित जनता के लिये रोजी और रोटी का इन्तजाम किया जाय । माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान मैं इस ओर विशेष रूप से आकर्षित करना चाहता हूं ।

दूसरा प्रश्न हमारे भीलवाड़ा में "मेवाड़ टैक्सटाइल मिल" है जिस का पहले सरकार की ओर से टेक-ओवर किया गया था । दो-तीन साल तक वह सरकार के पास रही, सरकारी अधिकारियों की व्यवस्था में उस मील से कम से कम करोड़-डेढ़ करोड़ रुपया कमाया गया । वह बहुत अच्छी मिल है और सरकार के समय में अच्छी व्यवस्था में उस को चलाया गया । लेकिन बाद में उस को फिर से पुराने मालिकों के सुपुर्द कर दिया गया । आज उस मिल के मालिकों ने फिर से उस को सिक बना दिया है, उस का सारा पैसा खींच कर नई इण्डस्ट्रीज में लगा रहे हैं तथा उस को फिर से सिक करने की कोशिश कर रहे हैं । मैं ने पिछली दफा भी उद्योग मंत्रालय की मांगों पर बोलते हुए आप से निवेदन किया था कि मील का वापस टेक-ओवर किया जाय, वरना जो साढ़े तीन हजार मजदूर

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

वहां पर काम करते हैं, तथा उन के लगभग 15 हजार डिपेण्डेन्ट्स भूख से बिलख-बिलख कर मर जायेंगे। मैं फिर इस बात पर जोर देता हूं कि यह इण्डस्ट्री ऐसी इण्डस्ट्री नहीं है जिस को सिक इण्डस्ट्री कहा जा सके। अभी जैसा आप ने कहा कि हम सिक इण्डस्ट्री को लेकर भारत सरकार का पैसा बरबाद नहीं करना चाहते, मगर यह इण्डस्ट्री तो सिक नहीं है, इस का मालिक जान-बूझ कर इस को सिक बना रहा है। ऐसी हालत में अगर सरकार जांच करवा कर इस को अपने हाथ में ले तो निश्चित तरीके से हजारों मजदूरों और उन के परिवारों को भूखा मरने से बचाया जा सकता है।

इस मेवाड़ टैक्सटाइल मिल में मजदूरों का प्राविडेंट फण्ड का 20 लाख रुपया गड़बड़ में पड़ा हुआ है। मैंने पहले भी निवेदन किया था – अभी तक इसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है इस का मालिक ई० एस० आई० का 20 लाख रुपया खा कर बैठा हुआ है। मजदूरों का कन्ट्रीब्यूशन ले लेते हैं और अपना कन्ट्रीब्यूशन नहीं देते हैं। वह सारा सारा पैसा हजम कर रखा है। ऐसे उद्योगपति के खिलाफ निश्चित तौर पर कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिये और इस को अपने हाथ में लेना चाहिये ताकि यह सही हाथों में जा कर चलती रहे और वहां पर काम करने वाले मजदूरों को काम मिलता रहे।

मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि राजस्थान ऐसा प्रान्त है जिसकी तरफ आप की निगाह अभी तक पूरी नहीं गई है। वहां पर सरकारी उद्योगों के अन्दर 2 परसेन्ट से भी कम पैसा लगाया गया है। इस लिए मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि यदि राजस्थान जैसे पिछड़े प्रान्त को आगे लाना है रोजनल इम्बैलेंस को समाप्त करना है, तो निश्चित तरीके से जो उद्योग धन्धे वहां स्थापित हो सकते हैं उनको वहां स्थापित करने को बात करनी चाहिये।

जिंक का बहुत बड़ा भंडार भीलवाड़ा में आगूचा रासपुरा में मिला है। वहां पर 5 करोड़ टन के भंडार मिले हैं। एक सुपर जिंक स्मेल्टर प्लांट वहां पर स्थापित हो जाए, तो यह एक बहुत बड़ा सेन्टर हो सकता है और उस से हजारों लोगों को रोजगार धंधा मिल सकता है। भारत सरकार की तरफ से एक इस तरह का उद्योग वहां पर स्थापित होना चाहिए और मेरी यह प्रार्थना है कि इस तरह की व्यवस्था निश्चित तरीके से करनी चाहिए क्योंकि उस क्षेत्र में जिंक का इतना बड़ा भंडार है जो विश्व में कहीं नहीं है। अमेरिका में जो इस तरह के भंडार हैं उन के मुकाबले में यहां पर उससे 12 परसेन्ट जिंक पैदा हो सकता है। इस प्रकार का भंडार वहां निकला है और भारत सरकार को वहां पर उद्योग स्थापित करने की व्यवस्था करनी चाहिए।

माइका का बहुत बड़ा भंडार भीलवाड़ा के अन्दर है। बिहार में माइका के पेपर के कारखाने आप ने दिये हैं और हिन्दुस्तान में दूसरे नम्बर पर माइका का प्रोडक्शन हमारे यहां भीलवाड़ा में होता है। इसलिए वहां पर एक कागज के कारखाने को स्थापित करना चाहिए। पहले भी मैंने इस के बारे में निवेदन किया था। भीलवाड़ा में अभ्रक के कारखाने के बारे में जो हमारा केस था उस को रिजेक्ट कर दिया गया था मगर मैं यह कहना चाहता हूं कि उस केस का रिवाइव करना चाहिए। अगर मिटको की तरफ से वहां पर अभ्रक का, कागज का कारखाना स्थापित किया जाए तो इस से वहां की बेकारी भी दूर होगी और देश का भी बहुत बड़ा फ़ायदा होगा।

इसी तरीके से बिजली के बारे में भी कहना है। वहां लिगनाइट के बहुत बड़े भंडार मिले हैं। वहां पर लिगनाइट से बिजली

के कारखाने स्थापित किये जाएं। राजस्थान में जो आर० ए० पी० पी० आप का लगा हुआ है, उस में करोड़ों रुपया आप का खर्च हुआ लेकिन वह बन्द पड़ा रहता है और वहां पर बिजली की बहुत बड़ी समस्या है।

**सभापति महोदय :** आप डिमांड्स पर बोलिये।

**श्री गिरधारी लाल व्यास :** मैं डिमांड्स पर ही बोल रहा हूं। इंडस्ट्री की डिमांड है और दूसरी डिमांडस है, इन के बारे में ही मैंने कहा है, और किसी चीज़ के बारे में मैंने नहीं कहा है।

हाईवे के सम्बन्ध में यह निवेदन करना चाहता हूं कि अजमेर से इन्दौर होते हुए बम्बई तक एक नेशनल हाईवे स्थापित की जाए।

इसी प्रकार से खाद के तीन कारखाने स्थ त किये जाएं। पहला वहां पर पेट्रोलियम गैस पर बेस्ड, दूसरा राक-फासफेट पर बेस्ड और तीसरा जिप्सम पर बेस्ड हो। ये तीन कारखाने वहां पर खाद के स्थापित किए जाने चाहिए। इस वक्त गैस-बेस्ड प्लान्ट सरकारी क्षेत्र में लगाने की बात चल रही है जबकि पहले तीन कारखाने लगाने की घोषणा की थी। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अगर आप राजस्थान को ऊंचा उठाना चाहते हैं, तो निश्चित रूप से तीन खाद के कारखाने वहां पर स्थापित किए जाने चाहिए।

इसी तरह से जेसलमेर के बारे में यह निवेदन करना चाहता हूं कि वहां पर गैस के बहुत बड़ा भंडार हैं। वहां पर कुएं खोदे गये थे लेकिन उनको बीच में ही छोड़ दिया। आप ने देखा होगा कि बंगाल में करोड़ों रुपये खर्च करके सैंकड़ों कुएं खोदे गये और इतना रुपया आप ने बर्बाद कर दिया मगर एक पैसे का फ़ायदा नहीं हुआ। जहां गैस और पैट्रोल निकल सकते हैं, वहां पर आप ने कुओं की खुदाई के काम को छोड़ दिया और जहां पर नहीं निकल सकते हैं वहां पर राजनीतिक दबाव के कारण आप ने काम किया ऐसी पार्टी वाले यहां बैठे हुए हैं जो पैसे को हज़म करना चाहते हैं। ऐसी पार्टी के लोगों को बैनीफिट करवाते हैं और हमारे जैसे गरीब और पिछड़े लोगों की जो बात है, वह आप सुनते नहीं हैं। इसलिए वहां पर कुओं की खुदाई की व्यवस्था आपको करनी चाहिए।

बैंकों के बारे में मैं वित्त मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि रूरल बैंक आप ने राजस्थान के अन्दर दिये हैं, पिछली बार 12 स्थापित हुए हैं लेकिन अब भी बहुत से जिले अभाव में पड़े हुए हैं। इसलिए वहां पर भी रूरल बैंकों की स्थापना होनी चाहिए। वहां पर अकाल पड़ गया है और बैंकों द्वारा वसूली से लोगों को बड़ी तकलीफ़ हो रही है। बैंक लोगों को परेशान कर रहे हैं और उन की नीलामी हो रही है। मेरा कहना यह है कि थोड़ा इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि अकाल के समय में उनकी वसूली स्थगित रहे। बंगाल में तो बड़े बड़े लोगों पर करोड़ों-करोड़ों रुपया बाकी है और उन से वह पैसा वसूल नहीं होता लेकिन जो छोटे लोग हैं उनकी कुर्की हो रही हैं। इसलिए इस को स्थगित कराने की आप व्यवस्था करें।

**श्री सूरज भान (अम्बाला) :** सभापति महोदय, श्री वेंकटरमन आदमी बहुत अच्छे हैं लेकिन जब से ये वित्त मंत्री बने हैं, तब से इन की ग्रिप कुछ लूज हुई है और बजट की पवित्रता खत्म हो गई है। उदाहरण के तौर पर मुल्क में एक आदमी इस देश का बजट देख कर अपने बजट को बनाता था, उसको बिगाड़ता था

[श्री सूरज भान]

संवारता था लेकिन अब तो उसको कुछ पता चलता ही नहीं। बजट के पहले और बजट के बाद दाम बढ़ा दिए जाते हैं। कोयले का दाम बढ़ा दिया, रेल भाड़ा बढ़ा दिया और खाद की कीमत बढ़ा दी। इस से जो बजट है, उसकी पवित्रता ही खत्म हो गई है।

एक बात और कहना चाहता हूं कि पिछले चुनाव आप ने लोगों से यह कह कर लड़े थे कि मंहगाई कम की जाएगी। मंहगाई कितनी कम हुई है, उसके मैं थोड़े आंकड़े देना चाहता हूं जब आप लोग हुकूमत में आये उस वक्त 1980 के शुरु में वनस्पति घी 9.17 रु० किलो मिलता था और आज 14 रु० किलो मिलता है। उस वक्त सरसों का तेल 9 रू० कि०जी० था, आज 16 रु० के० जी० है। चीनी 2.40 रु० थी जो कि 15-16 रु० के० जी० बिक कर आज 6-7 रू० के० जी० पर बिक रही है। देसी घी का दाम 22 रू० किलो था जो कि 45 रू० बिक कर आज 35 रू० किलो बिक रहा है। दूध 1 रुपये 10 पैसे से 2 रुपये 20 पैसे किलो में बिक रहा है। कपड़े धोने का साबुन 4.20 रु० किलो था आज 7 रु० किलो है। दस डिबियाओं के माचिस का पैकेट एक रुपये में आता था आज वह दो रूपये में आता है। खाद जो किसान इस्तेमाल करता है वह पहले 70 रूपये की बोरी आती थी, आज वह 120 रुपये में मिलती है। कुकिंग गैस जो पहले 29 रुपये में आती थी, आज उसके दाम 50 रूपये से ऊपर पहुंच गए हैं। यह तरक्की हुई है।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि जनता पार्टी के राज में एक हजार रुपये का नोट बंद किया गया था। आपने उसके बजाय दस हजार रूपये का नोट शुरू कर दिया है। ये नोट ही हैं। इस से ब्लैक मनी व्हाइट होती है। आप दस साल के बाद दस हजार रुपये के बारह हजार रुपये देने जा रहे हैं। इस से तो, ब्लैक मनी खत्म नहीं होगी, और व्हाइट होती जाएगी।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं कि आप ब्लैक मनी खत्म नहीं कर सकेंगे क्योंकि आप उसको बढ़ावा दे रहे हैं। महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री श्री अन्तुले हरियाणा के मुख्य मंत्री, श्री भजनलाल और ऐसे ही एक-दो और मुख्य मंत्री जो विदेश जाते हैं तो उनके बारे में आप लोगों की यह धारणा है कि वे वहां जा कर स्वीट्जरलैंड के बैंक में पैसा जमा कराते हैं। कुछ केन्द्रीय मंत्रियों के बारे में यह धारणा है। इसलिए मैं चाहता हूं कि इसकी छानबीन करने के लिए, पलियामेंट की एक कमेटी बनाई जाए जिस में इकनो रिजर्व बैंक के आफिशियल्स को भी रखा जाए। यह कमेटी इस बात की छानबीन करे कि कितना रुपया बाहर दूसरे मुल्कों में जमा है। जो बाहर के मुल्कों से सौदे होते हैं उन में जो कमीशन मिलता है वह भी वहीं का वहीं जमा हो जाता है। इस सब की इंक्वायरी होनी चाहिए। अगर यह बाहर के बैंकों में जमा राशि को निकाल कर ले आया जाए तो एक साल तक आपको बजट में टैक्स लगाने की जरुरत नहीं होगी।

एक बात मैं अपने प्रदेश हरियाणा के बारे में कहना चाहता हूं। 1960 में पाकिस्तान के साथ इन्डस वाटर ट्रीटी खत्म हुई थी। जिस के मुताबिक पाकिस्तान को जो पानी जाता था वह बंद कर दिया जाना चाहिए। उसके बाद श्रीमती इन्दिरा गांधी ने एक अवार्ड दिया था

कि हरियाणा को 3.5 मिलियन एकड़ पानी दिया जाए हालांकि एक्सपर्ट्स के मुताबिक हरियाणा को ज्यादा पानी मिलना चाहिए था। उस वक्त के पंजाब के मुख्य मंत्री ज्ञानी जैल सिंह ने यह मान लिया था कि अगर हरियाणा एक करोड़ रुपया दे दे तो वे अपने हिस्से में तीस कि० मीटर की नहर बना देंगे। वह एक करोड़ रुपया दे दिया गया। चूंकि पंजाब के हिस्से में वह नहर अब तक नहीं बनी है इसलिए वह पानी जाया जा रहा है। अगर उस पानी को पंजाब ही इस्तेमाल कर ले तो भी कोई एतराज की बात नहीं थी परन्तु यह पानी मुफ्त में पाकिस्तान को जा रहा है। यह सैन्टर का फैसला है। मेरा यह निवेदन है कि पंजाब इस नहर को बनाना नहीं चाहता इस लिए सैन्टर खुद इस नहर को बनाये। नहीं तो भाखड़ा व्यास मेनेजमेंट बोर्ड के जरिए से उसको बनवाया जाए ताकि वह पानी जाया न हो।

मैं एक अजीब बात की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं जिसको कि हमें भुगतना पड़ रहा है। हरियाणा में एक मारकण्डे नदी है। उस पर लाखों रुपया खर्च कर के एक बहुत बड़ा पुल बनाया गया। उसका उद्घाटन मुख्य मंत्री भजनलाल जी की मौजूदगी में श्री ए0 पी0 शर्मा, ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर ने किया। इस पुल पर सिर्फ एक दिन ट्रैफिक चला और अब एक साल से वह पुल बंद है। क्या हरियाणा का कोई नया मुख्य मंत्री आयगा या न्यू ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर आयेगा जब यह पुल खोला जाएगा? उसके लिए रीजन (कारण) यह दिया जा रहा है कि उस पर टोल टैक्स लगाना है और अभी तक वहां टोल टैक्स चौकी नहीं बनी है। एक तो जी0 टी0 रोड पर टोल टैक्स लगना ही नहीं चाहिए। अगर लगाना ही था तो उद्घाटन से पहले वह क्यों नहीं लगाया?

एक मैं यह मांग करना चाहता हूं कि अम्बाला एक बैकवर्ड एरिया है। इस बिल में एग्रीकल्चर और कोआप्रेटिव डवलपमेंट का भी जिक्र है। उनके तहत एक कोआपरेटिव शुगर मिल वहां पर लगना चाहिए।

पूरा हरियाणा हवाई मैप पर नहीं एयर मैप पर नहीं है, इसलिए मेरा निवेदन है कि अम्बाला में जो आर्मी का एरोड्रम है, उसको ही पार्सियली सिविल ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाये ताकि उसका इस्तेमाल हो सके।

पी० एण्ड टी० के बारे में आपकी डिमांड है, आपने 9 करोड़ 37 लाख की मांग की है। इस बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि श्री सिसोदिया जी ने कुछ दिन पहले 4 दिसम्बर को एक स्टेटमेंट दिया था कि रोटेशनल ट्रांस्फर बन्द कर दिये जायेंगे, कोई एडीशनल एक्सपेंडीचर नहीं होगा पी एण्ड टी डिपार्टमेंट ने उनका कहना माना या नहीं, लेकिन पिछले दो दिनों में मेरे पास यह 50 पोस्टकार्ड आये हैं इन्हीं रोटेशनल ट्रांस्फर आर्डर के खिलाफ। वह छोटे कर्मचारी हैं उनको उजाड़ दिया जाता है। मैं कहना चाहता हूं कि क्लास—III के रोटेशनल ट्रांस्फर बन्द किये जायें। एक आदमी ने मकान किराये पर लिया है, अगर उसका ट्रांस्फर करते हैं तो उसको आगे मकान मिलेगा या नहीं, कहीं मकान बनाया है तो उसको आगे जा कर दिक्कत होगी। इसलिए कम-से-कम क्लास III के रोटेशनल ट्रांस्फर बन्द होने चाहियें।

एक बात मैं यह नोटिस में लाना चाहता हूं कि निरंकारियों के गुरु बाबा

[श्री सूरज भान]

गुरुबचन सिंह की मृत्यु हुई, उनका कत्ल दिल्ली में किया गया, यह यूनियन टैरेटरी है। उसके बाद निरंकारियों के एक अच्छे नेता जो सीनियर आई० ए० एस० आफिसर पंजाब, श्री निरंजन सिंह हैं, उन पर हमला हुआ और उनके छोटे भाई जो आई० ए० एस0 के लिए सिलेक्ट हो गये थे, उनको जान से मार दिया गया। उसके किसी मुलजिम को गिरफ्तार नहीं किया, क्या कारण है, समझ में नहीं आ रहा है ?

लाला जगत नारायण जी सच्चे देशभक्त थे, ऊंचे दर्जे के पत्रकार थे और देश की एकता के लिये काम करते थे। उनको उन्हीं गुणों के लिय गोली का निशाना बनाया गया। एक आदमी मौके पर पकड़ भी लिया गया, उसने कुछ लोगों के नाम तो बतायें होंगे, लकिन उसमें से एक भी आदमी गिरफ्तार नहीं किया गया। उसके बाद एक ड्रामा हुआ।

संत भिंडरावाला को, जब वप चुंडकलां, हरियाणा में आये तो हरियाणा की पुलिस उनको गिरफ्तार करना चाहती थी, पंजाब की पुलिस भी आई, लेकिन मैं इल्जाम लगाना चाहता हूं, जो कि ठीक है कि केन्द्र से इंस्ट्रक्शन्ज गई कि इस आदमी को गिरफ्तार न करो और उसको वापिस जाने दिया गया यह ड्रामा कब तक होगा, ऐसा तो कभी सुनने में नहीं आया था कि एक आदमी को कहा जाये कि हमने आपके खिलाफ वारण्ट जारी कर दिया है और उससे रिक्वेस्ट की जाय कि आप मेहरबानी कर के सरेण्डर कर दीजिए।

हरिजनों के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि कफाल्टा और देवली में जो कुछ हुआ, उसको मैं दोहराना नहीं चाहता, लेकिन इतना कहना चाहता हूं कि कफाल्टा में और इसी तरह से कल्तनमनी में तंजोर डिस्ट्रिक्ट, तमिलनाडु में 1968 में हुआ था जितने भी हरिजन कत्ल हुए थे, उनके मुलिजमों को सब को बरी कर दिया गया था। वही कहानी फिर देवली में न दोहराई जाये। मुझे जानकारी मिली है कि वहां डाकुओं ने जो डाका डाला था, कत्ल किये थे, वहां के सबूत नष्ट किये गये, खून में लथपथ कपड़े नहीं ले जाये गये, डाकुओं के जूते वहीं पड़े हैं, खून में लथपथ चारपाइयां वहीं पड़ी हैं, लेकिन जैसा अखबारों में आ रहा है, केस ठीक से बनाए नहीं हैं, कहीं ऐसा न हो कि वह मुलजिम भी बरी हो जायें।

सभापति महोदय, आखिरी बात कह कर मैं बैठना चाहता हूं। मैंने 8 दिन पहले एक क्वेश्चन किया था, एडमिट नहीं हुआ, न जाने क्यों नहीं हुआ ?

आन्ध्र प्रदेश में गुडेडम गांव, करीमनगर डिस्ट्रिक्ट में दुस्सा रंजय्या नाम के हरिजन पर वहां के पटवारी ने इलजाम लगाया था कि मेरी लड़की बीमार है, इस हरिजन ने भूत-प्रेत इस पर कर दिया है और दिन-दहाड़े ग्राम की पंचायत के सामने पहले उसको पीटा गया और फिर लोहे की भारी कड़ी के साथ बांधकर जिन्दा उसको चिता में जला दिया गया। कब तक यह हरिजनों के साथ होता रहेगा ? मैं मांग करता हूं कि मुलजिम को गिरफ्तार किया जाये। 500 रुपये उसके लड़के को दे कर सरकारी तौर पर इस मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। यह सब कुछ कह कर मैं उन मांगों का विरोध करता हूं।

**श्री पी० नामग्याल** (लद्दाख) : सभापति जी, जनाब फ़िनांस मिनिस्टर साहब ने 1979–80 के बारे में एक्सैस (Excess) डिमांड्ज फ़ार ग्रांट्स और 1981–82 के दौरान इख़राजात के लिए जो 12,333.42 करोड़ रुपये की सप्लीमेंटरी

डिमांड्ज़ फ़ार ग्रांट्स इस ऐवान में रखी हैं, मैं उनकी ताईद करता हूं। हमारे जो मोहतरिम दोस्त उस तरफ बैठे हुए हैं, वे 1979-80 की डिमांड्ज पर एक्सेस ग्राण्ट्स को भी ओपोज कर रहे हैं। जब वे हुकूमत में थे, जनता पार्टी के मिसरूल में जो कुछ हुआ था, उसको रेगुलराइज करने के लिए ही आनरेबल फ़िनांस मिनिस्टर ने ये डिमांड्ज रखी हैं। उनको भी ओपोज करने की बात हमारी समझ में नहीं आ रही है।

डिमांड नम्बर 2 में स्टेट गवर्नमेंट के लिए शार्ट-टर्म लोन के लिए 25 करोड़ की मांग है और डिमांड नम्बर 6 में कोआपरेटिव्ज के लिए 7 करोड़ की मांग है, जिसमें फ़ार्मर्ज के लिए लांग-टर्म और शार्ट-टर्म लोन और क्रेडिट की बात कही गई है। मैं समझता हूं कि यह एक जायज मांग है, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इस वक्त जितने भी एग्रीकल्चरल फिनांसिज एवेलेबल हैं, उनसे ज्यादातर बड़े बड़े और रिच फ़ार्मर्ज ने ही फ़ायदा उठाया है और ग़रीब फ़ार्मर्ज उनसे ख़ास फ़ायदा नहीं उठा सके हैं। सरकार को इस तरफ ख़ास तवज्जुह देनी चाहिए, ताकि ग़रीब और छोटे किसानों को क्रेडिट और लोन आसानी से मिल जाएं। रूल्ज़ और रेगुलेशन्ज़ को सिम्प्लीफ़ाई किया जाना चाहिए, ताकि वे लोग इससे फ़ायदा उठा सकें।

एग्रीकल्चरल रिसर्च के बारे में भी एक छोटी सी मांग है। हमारा मुल्क एग्रीकल्चरल रिसर्च के फ़ील्ड में एक इण्टरनेशनल बाडी का मेम्बर बन गया है। मैं समझता हूं कि यह एक मुबारक स्टेप है। आने वाले दिनों में एग्रीकल्चरल साइंस और टेक्नालोजी में ज्यादा डेवेलपमेंट करने के लिए हमारा उस बाडी का मेम्बर बनना जरूरी है। मैं समझता हूं कि सरकार ने यह एक अच्छा कदम उठाया है।

मिनिस्टर साहब ने रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन के तहत एक टोकन ग्रांट मांगी है। मैं उनके नोटिस में अपने इलाके की कुछ प्राबलम्ज़ को लाना चाहता हूं। वहां पर एक छोटी सी स्कीम स्तकना हाइडल प्राजेक्ट है। मुझे याद नहीं है कि वह कब शुरु हुई थी। अभी भी वह हमें कम्पलीट होती नजर नहीं आ रही है। स्टेट गवर्नमेंट का कहना है कि अगर आने वाले दो सालों में कम से कम हर साल ढाई करोड़ रुपया दिया जाये, तो शायद 1982 के दिसम्बर तक वह कम्पलीट हो जाए। यह प्राजेक्ट पहले ढाई करोड़ रुपये का ही था जब कि आज उसका टोटल कास्ट 18 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। अगर इसके लिए हर साल थोड़े-थोड़े पैसे दिये जाएंगे, तो इसके पूरा होने में और भी कई साल लग जाएंगे और वह कम्पलीट नहीं हो सकेगी, क्योंकि कास्ट हर साल बढ़ती जा रही है। जनाब फ़िनान्स मिनिस्टर साहब से मेरी गुज़ारिश है कि हमें इसके लिए स्पेशल ग्रांट आने वाले दो सालों के लिए दी जाए। जहां तक जम्मू-काश्मीर स्टेट का सवाल है अनप्राडक्टिव स्कीमों पर खर्चा ज्यादा हो रहा है। इसकी तीन मिसाल मैं आप के सामने रखता हूं। जम्मू काश्मीर में टूरिज्म का कन्वर्जन (Convertion) काम्पलेक्स है 22 करोड़ का या कितने का मुझे ठीक पता नहीं, इसी तरह लेजिस्लेचर बिल्डिंग का भी कितने करोड़ का है, मुझे पता नहीं और एक हाई कोर्ट की बिल्डिंग का है। ये तीनों एकट्ठे बन रहे हैं। इस वक्त जब हमारे पास resources की कमी है तो ये सारा पैसा हम बिल्डिंग कांस्ट्रक्शन पर ही लगाएं, यह जरूरी नहीं है। जहां पर पावर की जरूरत है या ऐग्रीकल्चर सेक्टर है उस को नेगलेक्ट (Neglect) कर रखा है और बिल्डिंग्स के कान्स्ट्रक्शन पर रूपया खर्च कर रहे हैं, जिस में कि

[श्री पी० नामग्याल]

ऊपर से पैसे का लेन-देन का मामला चलता है और जिस में इंजीनियर या दूसरे पालिटिशियंस और मिनिस्टर्स या और बड़े बड़े ठेकेदार हैं उन की जेबों में करोड़ो के हिसाब से वह पैसा जा रहा है। मेरी गुजारिश है कि जो नान-प्रोडक्टिव स्कीम्स हैं उनको अभी अंडरटेक नहीं करना चाहिए। अगर करना भी है तो इकट्ठे सब नहीं करना चाहिए। लेजिस्लेचर बिल्डिंग का यदि जरूरी है या कन्वर्जन काम्पलेक्स की अगर जरूरत है तो कम से कम हाई कोर्ट की बिल्डिंग के लिए आप इन्तजार कर सकते थे क्योंकि यदि कोर्ट के लिए बिल्डिंग मौजूद है और किसी एक प्रोजेक्ट को रोक कर इन्तजार कर सकते थे। इस तरह से सारा पैसा इन अनप्रोडक्टिव कामों के लिए खर्च नहीं किया जाना चाहिए।

वहां करप्शन बहुत हो रहा है। पिछले दिनों मैं ने एक अखबार में पढ़ा कि शायद स्टेट गवर्नमेंट ने 25 करोड़ का ओवर ड्राफ्ट मांगा है। एक दूसरे पेपर में लिखा था कि 40 करोड़ का मांगा है। यह मुझे मालूम नहीं कि करेक्ट फिगर कौन सी है जो उन्होंने मांगी है। लेकिन अगर इस तरह से स्पेंडिंग गलत कामों के लिए हो यह आप को नहीं देना चाहिए। हां, ऐग्रीकल्चर सेक्टर हो, पावर सेक्टर हो या और किसानों के फ़ायदे की कोई बात हो तो जरूर आप को एंटरटेन करना चाहिए। यह आप को देखना चाहिए। मैं आप के ऊपर छोड़ता हूं।

इंडस्ट्रीज के बारे में छोटा सा आप ने टोकन ग्राण्ट मांगा है। लेकिन मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि जो हमारी स्टेट है या पहाड़ी जितने इलाके हैं वहां गाड़ियों की चेसिस नहीं मिल रही हैं। हम ट्रांसपोर्ट पर डिपेंडेंट हैं क्योंकि हमारे यहां रेलवेज नहीं हैं और आज जो चेसिस प्रोड्यूस होती हैं वह ब्लैक में जाती हैं। एक एक चेसिस चालीस चालीस और पचास पचास हजार ज्यादा रकम लेकर ब्लैक में बिकती है। जो जरूरत-मंद स्टेट्स हैं जैसे जम्मू काश्मीर का लद्दाख का इलाका है, सिक्किम है, या नेफ़ा के इलाके हैं वहां चूंकि रेलवेज नहीं हैं तो उन लोगों के लिए आप को प्रायरिटी देनी चाहिए और उनके लिए कुछ कोटा अलाहिदा रखने की जरूरत है, नहीं तो उन को मिलता नहीं है। यहां पर बड़े बड़े ट्रांसपोर्टर ब्लैक में उस को खरीद लेते हैं इस तरफ तवजह देने की जरूरत है। यह मेरी एक आप से गुजारिश है।

इसी तरह इन्फ़ार्मेशन और ब्राडकास्टिंग तथा पब्लिसिटी पर आप ने थोड़ी सी रकम यानि 8.86 लाख मांगी है इंटरनेशनल प्रोग्राम के लिए। मैं उसका फ़ायदा लेते हुए हमारे आल इंडिया रेडियो का लेह स्टेशन है उस की तरफ सरकार की तवज्जह दिलाना चाहता हूं। वहां एक ही स्टूडियो है और उसी से आप को म्यूजिक भी, न्यूज भी और ड्रामा भी, सब कुछ ब्रोडकास्ट करना है। आप अन्दाजा कीजिए, एक स्टूडियो से क्या यह हो सकता है। नतीजा यह है कि वहां से जब न्यूज चल रहा होता है तो म्यूजिक वाले बाहर बरामदे में बैठ कर प्रैक्टिस कर रहे होते हैं। यह हालत है वहां की।

वहां पर हीटिंग एलावेंस जो सर्दियों में मिलता था वह अभी तक सैंक्शन नहीं हुआ। मैं जब परसों सुबह वहां से चला हूं, जब इंडियन एयर लाइन्स का प्लेन 9 बजे वहां लैण्ड हुआ तो माइनस 16 डिग्री सेंटीग्रेड टेम्परेचर था। इस से आप वहां की हालत का अन्दाजा कीजिये। रात को

माइनस 25 डिग्री सेंटीग्रेट तक टेम्परेचर वहां हो जाता है। तो वहां पर हीटिंग एलावेंस जल्दी सैंक्शन करना चाहिए। मिनिस्ट्री आफ इन्फ़ार्मेशन ऐंड ब्राडकास्टिंग इस को जल्दी स्वीकार करे। कम्पेन्सेटरी एलावस के बारे में भी कहना चाहता हूं। बहुत थोड़े से सेंट्रल गवर्नमेंट के मुलाज़िम वहां हैं। कुछ आल इंडिया रेडियो के हैं, कुछ पी ऐंड टी के हैं और कुछ पैरा मिलिट्री फ़ोर्सेज के हैं। ज्यादा उनकी तादाद नहीं है। आप सिर्फ उन को 6 महीने के लिए 20 से 35 परसेंट सी० सी०ए० देते हैं, जब कि जम्मू कश्मीर स्टेट वाले हमें 75 से 100 परसेंट सर्दियों में बेसिक पे पर कोई सीलिंग़ के बग़ैर देते हैं। तो इस तरफ आपको ध्यान देना चाहिए, इसमें ज़्यादा अमाउण्ट इन्वाल्व्ड नहीं होगा। इसलिए मेरी गुज़ारिश है कि उन कर्मचारियों का अलाउन्स बढ़ाया जाय। अभी ज्यादा अलाउन्स न मिलने की वजह से अच्छे अफ़सर आपके यहां से वहां जाना नहीं चाहते क्योंक देहली में उनको पे ज्यादा मिलती है अलाउंन्सेज वगैरह मिला कर लेह में कम हो जाती है, क्योंकि सी० सी० ए०, हाउस रेंट आदि अलाउन्सेज कट जाते हैं इसलिए कोई क्यों वहां जायेगा ?

मैं मशकूर हूं सूचना मंत्री जी का कि न्यूज सर्विसेज लेह स्टेशन से चालू कर दिया है। लेकिन उनके लिए जरूरी फैसिलिटीज नहीं है, जैसे टेलीफ़ोन नहीं है, मोनीटरिंग (Monitoring) ऐक्विपमेंट नहीं है। क्योंकि टेलीप्रिन्टर लेह में नहीं चलता है, लिहाज़ा न्यूज के लिए रेडियो पर ही डिपेंड करना पड़ता है। मामूली सा सैट होता है टू-न-वन, ताकि न्यूज़ सुन कर के लोकल कंजम्पशन के लिए उसे री ब्रोडकास्ट किया जा सके। मेरी मांग है कि यह सुविधा वहां दी जानी चाहिए।

हमारे सिविल ऐविएशन मिनिस्टर, श्री एस० पी० शर्मा ने नेफ़ा में जो कंसेशन जहाज के किराये में दे रहे हैं एयर पसेंजर्स को या जो सब्सिडी दे रहे हैं लद्दाख सैक्टर में भी कंसीडर करने की बात मान ली है। यह जल्दी इम्प्लीमेंट होना चाहिए क्योंकि लद्दाख में 7 महीने के लिए रास्ता बिल्कुल बन्द रहता है, सिवाय हवाई जहाज के और किसी तरह नहीं जा सकते।

इसी तरह से जम्मू में एक टी० वी० स्टेशन होना जरूरी है। पाकिस्तान का टी० वी० स्टेशन नज़दीक होने की वजह से लोग वहां का टी० वी० देखते हैं और उसके प्रोपोगेण्डा से हमारे बौर्डर एरिया के लोगों के मोरेल पर बुरा असर पड़ता है। लिहाज़ा जम्मू में टी० वी० स्टेशन बहुत जल्द सेंक्शन करना चाहिए।

इसी तरह रिहैबिलिटेशन के बारे में भी कुछ कहना चाहूंगा। आप ने सुना होगा इस साल लद्दाख में बहुत ही जल्दी स्नोफाल हो गया। नवम्बर के पहले सप्ताह में 2 फ़ीट बरफ पड़ गई और नतीजा यह हुआ कि हजारों भेड़ बकरियां और कैटिल सर्दी से मर गई। मैं डिफेंस मिनिस्टर का मशकूर हूं कि उन्होंने हैलीकोप्टर्स दिये फंसे हुए लोगों को निकालने के लिये और हवाई जहाज़ के जरिये राशन पहुंचाने या गिराने के लिए तथा जानवरों के लिये घास पहुंचाने के लिये हवाई जहाज और दूसरे ट्रांस्पोर्ट दिये। मेरी गुजारिश है कि वहां के लोगों के रिहैबिलिटेशन के लिये, केन्द्र सरकार कुछ ग्रान्ट और दे।

पैट्रोलियम और कैमिकल्स के बारे में यह कहना है कि लद्दाख जैसे इलाके में जंगल तो हैं नहीं इसलिये फ्यूअल वहां बहुत कम है इसलिए हमें गैस फिलिंग प्लान्ट इंडियन आयल के जरिये लेह में दिया जाय। अभी गैस सिलेंडर श्रीनगर से 450 किलोमीटर का सफर तय कर के ले जाना पड़ता है जिसमें रिस्क

[श्री पी० नामग्याल]

भी इनवाल्व (Involve) रहता है सिलेंडर के एक्सप्लोड होने का डर रहता है। इसलिये इंडियल आयल कारपोरेशन के जरिये कुछ स्पेशल ग्रान्ट दे कर वहां फिलिंग का प्लान्ट सरकारी तौर पर या कम्पनी की तरफ़ से लगाया जाय। मेरी यही गुज़ारिश है।

सभापति महोदय, मैं एक प्वाइंट एडमिनिस्ट्रेशन ग्राफ जसटिस के बारे में कहना चाहता हूं। दो डिस्ट्रिक्ट – लेह और कारगिल के लिए सिर्फ एक ही डिस्ट्रिक्ट एन्ड सेशन जज है।

MR. CHAIRMAN: This is not a matter for the Central Government.

SHRI P. NAMGYAL: It is at No. 68.

PROF. N. G. RANGA (Guntur): Please give him more time. It is a neglected area.

MR. CHAIRMAN: Mr. Ranga, he is asking for courts. This is not a matter for the Central Government.

श्री पी० नामग्याल : मैं गुजारिश करूंगा कि चाहे सेन्टर के पास हो या स्टेट के पास यह अधिकार हो, वहां पर दो सैशन डिस्ट्रिक्ट जज की जरूरत है। इस वक्त सिर्फ एक ही है।

इन शब्दों के साथ मैं जनाबे फाइनेंस मिनिस्टर साहब द्वारा जो सप्लीमेंट्री ग्रान्टस सदन में विचारार्थ प्रस्तुत की गई है, उसकी ताईद करता हूं।

شری پی - نام گیال (لداخ) :

سبھاپتی جی - جناب فائنینس منسٹر صاحب نے ۸۰-۱۹۷۹ع کے بارے میں ڈیمانڈس فار *Excess* گرانٹس اور ۸۲-۱۹۸۱ع کے دوران اخراجات کے لئے جو ۱۲۲۳۳.۴۲ کروڑ روپئے کی سپلیمینٹری ڈیمانڈس فار گرانٹس اس ایوان میں رکھی ہیں میں ان کی تائید کرتا ہوں - ہمارے جو محترم دوست اس طرف بیٹھے ہوئے ہیں وہ ۸۰-۱۹۷۹ع کی ڈیمانڈز فار ایکسز گرانٹس کو بھی اپوز کر رہے ہیں - جب وہ حکومت میں تھے جنتا پارٹی کے مس رول میں جو کچھ ہوا تھا اس کو ریگولرائز کرنے کے لئے ہی آنریبل فائنینس منسٹر نے یہ ڈیمانڈ رکھی ہیں - ان کو بھی اپوز کرنے کی بات ہماری سمجھ میں نہیں آ رہی ہیں -

ڈیمانڈ نمبر ۲ میں اسٹیٹ گورنمینٹس کے لئے شارٹ ٹرم لون کے لئے ۲۵ کروڑ کی مانگ ہے اور ڈیمانڈ نمبر ۶ میں کوآپریٹیوز کے لئے ۷ کروڑ کی مانگ ہے جس میں فارمرز کے لئے لونگ ٹرم اور شارٹ ٹرم لون اور کریڈٹ کی بات کہی گئی ہے - میں سمجھتا ہوں کہ یہ ایک جائز مانگ ہے لیکن میں کہنا چاہتا ہوں کہ اس وقت جتنے بھی ایگریکلچرل فائنینسز اویلیبل ہیں ان سے زیادہ تو بڑے بڑے اور رچ فارمرس نے ہی فائدہ اٹھایا ہے اور غریب فارمرز ان سے خاص فائدہ نہیں اٹھا سکے ہیں - سرکار کو اس طرف خاص توجہ دینی چاہئے تاکہ غریب اور چھوٹے کسانوں کو کریڈٹ اور لون آسانی سے مل جائیں -

رولز اور ریگولیشن کو سمپلی فائی کیا جانا چاہئے تاکہ وہ لوگ اس سے فائدہ اٹھا سکیں -

ایگریکلچرل ریسرچ کے بارے میں بھی ایک چھوٹی سی مانگ ہے ہمارا ملک ایگریکلچرل ریسرچ کے فیلڈ میں ایک انٹر نیشنل باڈی کا ممبر بن گیا ہے - میں سمجھتا ہوں کہ یہ ایک مبارک اسٹیپ ہے - آنے والے دنوں میں ایگریکلچرل سائنس اور ٹیکنولوجی میں زیادہ ڈیولپمنٹ کرنے کے لئے ہمارا اس باڈی کا ممبر بننا ضروری ہے - میں سمجھتا ہوں کہ سرکار نے یہ ایک اچھا قدم اٹھایا ہے -

منسٹر صاحب نے رورل الیکٹریفیکیشن کے تحت ایک ٹوکن گرانٹ مانگی ہے- میں ان کے نوٹس میں اپنے علاقے کی کچھ پرابلمس کو لانا چاہتا ہوں وہاں پر ایک چھوٹی سی اسکیم ہے- سمہ کتا ہائیڈل پراجیکٹ ہے - مجھے یاد نہیں ہے کہ وہ کب شروع ہوئی تھی - ابھی بھی وہ ہمیں کمپلیٹ ہوتی نظر نہیں آ رہی ہے - اسٹیٹ گورنمنٹ کا کہنا ہے کہ اگر آنے والے دو سالوں میں کم سے کم ہر سال تہائی کروڑ روپیہ دیا جائے - تو شاید ۸۲ کے دسمبر تک وہ کمپلیٹ ہو جائے یہ پراجیکٹ پہلے تہائی کروڑ روپئے کا ہی تھا - جبکہ آج اس کا ٹوٹل کاسٹ ۱۸ کروڑ روپیہ تک پہنچ گیا ہے اگر اس کے لئے ہر سال تھوڑے تھوڑے پیسے دیئے جائیں گے تو اس کے پورا ہونے میں اور بھی کئی سال لگ جائیں گے - اور وہ کمپلیٹ نہیں ہو سکے گی - کیونکہ کاسٹ ہر سال بڑھتی جا رہی ہے جناب فائننس منسٹر صاحب سے میری گزارش ہے کہ ہمیں اس کے لئے اسپیشل گرانٹ آنے والے دو سالوں کے لئے دی جائے -

جہاں تک جموں کشمیر اسٹیٹ میں ان پراپر تو اسکیموں پر خرچہ زیادہ ہو رہا ہے - اس کی تین مثال میں آپ کے سامنے رکھتا ہوں - جموں کشمیر میں ٹورزم convention کمپلیکس ہے ۲۲ کروڑ کا یا کتنے کا مجھے ٹھیک پتا نہیں اسی طرح لیجسلیچر بلڈنگ کا بھی - کتنے کروڑ کا ہے مجھے پتا نہیں اور ایک ہائی کورٹ کی بلڈنگ کا ہے یہ تینوں اکٹھے بن رہے ہیں اس وقت جب ہمارے پاس resources کی کمی ہے تو یہ سارا پیسہ ہم بلڈنگ کانسٹرکشن پر ہی لگائیں یہ ضروری نہیں ہے جہاں پر پاور کی ضرورت ہے یا ایگریکلچر سیکٹر ہے اس کو neglect کر رکھا ہے - اور بلڈنگس کے کانسٹرکشن پر روپیہ خرچ کر رہے - جس میں کہ اوپر سے پیسے پیسے کے

[شری پی - نام گیال]

لین دین کا معاملہ چلتا ہے اور جس میں انجینیئر یا دوسرے پالیٹیشین اور منسٹرس یا اور بڑے بڑے ٹھیکیدار ہیں ان کی جیبوں میں کروڑوں کے حساب سے وہ پیسہ جا رہا ہے - میری گذارش ہے کہ جو نان پروڈکٹیو اسکیم ہیں ان کو ابھی انڈرٹیک نہیں کرنا چاہئے - اگر کرنا ہی ہے تو اکٹھے سب نہیں کرنا چاہئے اسمبلی بلڈنگ کا بہی ضروری ہے تو یا کلوروزی کامپلیکس کی اگر ضرورت ہے تو کم سے کم ہائی کورٹ کی بلڈنگ کے لئے آپ انتظار کر سکتے تھے کیونکہ ہائی کورٹ کے لئے بلڈنگ موجود ہے - اور کسی ایک پراجیکٹ کو روک کر انتظار کر سکتے تھے - اس طرح سے سارا پیسہ ان نان پروڈکٹیو کاموں کے لئے خرچ نہیں کیا جانا چاہئے - وہاں کرپشن بہت ہو رہا ہے -

پچھلے دنوں میں نے ایک اخبار میں پڑھا کہ شاید اسٹیٹ گورنمنٹ نے ۲۵ کروڑ کا اوور ڈرافٹ مانگا ہے ایک دوسرے پیپر میں لکھا تھا کہ ۴۰ کروڑ کا مانگا ہے - یہ مجھے معلوم نہیں کریکٹ فیگر کونسی ہے جو انہوں نے مانگی ہے لیکن اگر اس طرح سے اسپینڈنگ غلط کاموں کے لئے کرے یہ آپ کو نہیں دینا چاہئے -

ہاں ایگریکلچر سیکٹر ہو پاور سیکٹر ہو یا اور کسانوں کے فائدے کی کوئی بات ہو تو ضرور آپ کو ایلاٹمنٹ کرنا چاہئے یہ آپ کو دیکھنا چاہئے - میں آپ کے اوپر چھوڑتا ہوں -

انڈسٹریز کے بارے میں چھوٹا سا آپ نے ٹوکن گرانٹ مانگا ہے لیکن میں صرف اتنا کہنا چاہتا ہوں کہ جو ہماری اسٹیٹ ہے یا پہاڑی جتنے علاقے ہیں وہاں گاڑیوں کی چیسسز نہیں مل رہی ہے ہم ٹرانسپورٹ پر ڈپینڈ ہیں کیونکہ ہمارے یہاں ریلویز نہیں ہے اور آپ جو چیسسز پروڈیوس ہوتی ہے وہ بلیک میں جاتی ہے ایک ایک چیسسز ۴۰-۴۰ اور ۵۰-۵۰ ہزار زیادہ رقم لے کر بلیک میں بکتی ہے جو ضرورتمند اسٹیٹس ہیں جیسے جموں کشمیر کا لداخ کا علاقہ ہے سکم ہے یا نیفا کے علاقے ہیں وہاں چونکہ ریلویز نہیں ہے تو ان لوگوں کے لئے آپ کو پرایرٹی دینی چاہئے - اور ان کے لئے کچھ کوٹا علیحدہ رکھنے کی ضرورت ہے - نہیں تو ان کو ملتا نہیں ہے یہاں پر بڑے بڑے ٹرانسپورٹر بلیک میں اس کو خرید لیتے ہیں اس طرف توجہ دینے کی ضرورت ہے - یہ میری ایک آپ سے گذارش ہے -

اسی طرح انفارمیشن اور براڈ کاسٹنگ تتھا پبلیسٹی ہو آپ نے

تھوڑی سی رقم یعنی ۸۸۶ لاکھ مانگی ہے - انٹر نیشنل پروگرام کے لئے میں اس کا فائدہ لیتے ہوئے ہمارے یہاں آل انڈیا ریڈیو کا لیہہ سٹیشن ہے - اس کی طرف سرکار کی توجہ دلانا چاہتا ہوں وہاں ایک ہی اسٹوڈیو ہے اور اسی سے میوزک بھی نیوز بھی اور ڈرامہ بھی سب کچھ براڈ کاسٹ کرنا ہے آپ اندازہ کیجئے ایک اسٹوڈیو سے کیا یہ ہو سکتا ہے نتیجہ یہ ہے کہ وہاں سے جب نیوز چل رہا ہوتا ہے تو میوزک والے باہر برآمدے میں بیٹھ کر پریکٹس کر رہے ہوتے ہیں - یہ حالت ہے وہاں کی -

وہاں پر ہیٹنگ الاونس جو سردیوں میں ملتا تھا وہ ابھی تک سینکشن نہیں ہوا - میں جب پرسوں صبح وہاں سے چلا ہوں جب انڈین ایئر لائنز کا پلین نو بجے وہاں لینڈ ہوا تو مائنس ۱۶ ڈگری سنٹی گریڈ ٹمپریچر تھا اس سے آپ وہاں کی حالت کا اندازہ کیجئے رات کو مائنس ۲۵ ڈگری سنٹی گریڈ تک ٹمپریچر وہاں ہو جاتا ہے - تو وہاں پر ہیٹنگ الاونس جلدی سینکشن کرنا چاہئے منسٹری آف انفارمیشن اینڈ براڈ کاسٹنگ اس کو جلدی سوی کار کرے - کمپنسیٹری الاونسز کے بارے میں بھی کہنا چاہتا ہوں بہت تھوڑے سے سنٹرل گورنمنٹ کے ملازم وہاں ہیں کچھ آل انڈیا ریڈیو کے ہیں - کچھ پی - اینڈ ٹی - کے ہیں اور کچھ پیرا ملٹری فورسز کے ہیں - زیادہ ان کی تعداد نہیں ہے آپ صرف ان کو چھ مہینے کے لئے ۲۰ سے ۳۵ پرسینٹ سی - اے - دیتے ہیں جبکہ جموں کشمیر اسٹیٹ والے ملازموں کو ۷۵ سے ۱۰۰ پرسینٹ سردیوں میں بیسک پے پر کوئی سیلنگ کے بغیر دیتے ہیں تو اس طرف آپ کو دھیان دینا چاہئے اس میں زیادہ ایماؤنٹ انوالوڈ نہیں ہوگا اس لئے میری گذارش ہے کہ ان کرمچاریوں کا الاونس بڑھایا جائے - ابھی زیادہ الاونس نہ ملنے کی وجہ سے اچھے افسر آپ کے یہاں سے وہاں جانا نہیں چاہتے کیونکہ دہلی میں ان کو پیسے زیادہ ملتی ہے - الاونسز وغیرہ ملاکر لیہہ میں کم ہو جاتی ہے کیونکہ سی - سی - اے - ہاؤس رینٹ آدی الاونسز کٹ جاتے ہیں اس لئے کوئی کیوں وہاں جائے گا -

میں مشکور ہوں سوچنا منتری جی کا کہ نیوز سروسز ونگ لیہہ سٹیشن سے چالو کیا دیا ہے لیکن ان کے لئے ضروری فیسیلیٹیز نہیں ہیں جیسے ٹیلیفون نہیں ہے - مانیٹرنگ (monitoring) ایکویپ

[شری پی - نام گیال]

میلنٹ نہیں ہیں - کیونکہ ٹیلیویزنگر لیہہ میں نہیں چلتا ہے - لہذا نیوز کے لئے ریڈیو پر ہی ڈپینڈ کرنا پڑتا ہے معمولی سا سیٹ ہوتا ہے - ٹو - ان. ون - تاکہ نیوز سن کر کے لوکل کنزمپشن کے لئے اسے ری براڈ کاسٹ کیا جا سکے - میری مانگ ہے کہ یہ سویدھا وہاں دی جانی چاہئے -

ہمارے سول ایویشن منسٹر شری اے - پی - شرما جی نے کہا ہے کہ *نیفا میں جو کنسیشن جہاز کے کرایہ پر دے رہے ہیں ایئر پیسنجرس کو یا جو سبسڈی دے رہے لداخ سیکٹر میں بھی کنسیڈر کرنے کی بات مان لی ہے - یہ جلدی امپلیمینٹ ہونا چاہئے کیونکہ لداخ میں سات مہینے کے لئے راستہ بالکل بند رہتا ہے. سوائے ہوائی جہاز کے اور کسی طرح نہیں جا سکتے -

اسی طرح سے جموں میں ایک ٹی - وی - اسٹیشن ہونا ضروری ہے پاکستان کا ٹی-وی - اسٹیشن نزدیک ہونے کی وجہ سے لوگ وہاں کا ٹی - وی - دیکھتے ہیں - اور اس کے پروپیگنڈا سے ہمارے بارڈر ایریا کے لوگوں کے مورل پر برا اثر پڑتا ہے لہذا جموں میں ٹی - وی - اسٹیشن بہت جلد سینکشن کرنا چاہئے -

اسی طرح ریہیبلیٹیشن کے بارے میں بھی کچھ کہنا چاہوں گا آپ نے سنا ہوگا اس سال لداخ میں بہت ہی جلدی اسنو فال ہو گیا - نومبر کے پہلے سپتاہ میں دو فٹ برف پڑ گئی اور نتیجہ یہ ہوا کہ ہزاروں بھیڑ بکریاں اور کیٹل سردی میں مر گئیں - میں ڈفینس منسٹر کا مشکور ہوں کہ انہوں نے ہیلی کوپٹرس دئے - پھنسے ہوئے لوگوں کو نکالنے کے لئے اور ہوائی جہازوں کے ذریعے راشن پہنچانے یا گرانے کے لئے - جانوروں کے لئے گھاس پہنچانے کے لئے ہوائی جہاز اور دوسرے ٹرانسپورٹ دیئے - میری گذارش ہے کہ وہاں کے لوگوں کے ری ہیبلیٹیشن کے لئے کیندر سرکار کچھ گرانٹ اور دے -

پیٹرولیم اور کیمیکلس کے بارے میں یہ کہنا ہے کہ لداخ جیسے علاقے میں جنگل تو ہے نہیں اس لئے فیول وہاں بہت کم ہے - اس لئے ہمیں گیس فلنگ پلانٹ انڈین آئل کے ذریعہ لیہہ میں دیا جائے - ابھی گیس سلنڈر سری نگر سے ساڑے چار سو کلو میٹر کا سفر طے کرکے لے جانا پڑتا ہے جس میں رسک بھی انوالوڈ (*Involved*) رہتا ہے - سلنڈر کے ایکسپلوڈ ہونے کا ڈر رہتا ہے - اس لئے انڈین آئل

کارپوریشن کے ذریعہ کچھ اسپیشل گرانٹ دیکر وہاں فلنگ کا پلانٹ سرکاری طور پر یا کمپنی کی طرف سے لگایا جائے - میری یہی گذارش ہے -

سبھا پتی مہودے - میں ایک پوائنٹ ایڈمنسٹریشن آف جسٹس کے بارے میں کہنا چاہتا ہوں - دو ڈسٹرکٹ لیہہ اور کارگل کے لئے صرف ایک ہی ڈسٹرکٹ اینڈ سیشن جج ہے -

MR. CHAIRMAN: This is not a matter for the Central Government.

SHRI P. NAMGYAL: It is at No. 68.

PROF. N. G. RANGA (Guntur): Please give him more time. It is a neglected area.

MR. CHAIRMAN: Mr. Ranga, he is asking courts. This is not a matter for the Central Government.

شری پی - نام گیال : میں گذارش کرونگا کہ چاہے منسٹر کے پاس ہو یا اسٹیٹ کے پاس یہ ادھیکار ہو وہاں پر دو سیشن ڈسٹرکٹ جج کی ضرورت ہے - اس وقت صرف ایک ہی ہے - ان شبدوں کے ساتھ میں جناب فائننس منسٹر صاحب دوارا جو سپلیمینٹری گرانٹس سدن میں وچار ارتھ پرستوت کی گئی ہیں - اس کی تائید کرتا ہوں -

SHRI T.R. SHAMANNA (Bangalore South): Mr. Chairman, Sir, I thank you very much for giving me an opportunity to say a few words in respect of the Supplementary Demands that are before us.

With all humility I would say the ordinary citizen is not at all happy. Taking into consideration the experience of past eight months, we find that economic position of people is going from bad to worse. Day-to-day requirements of the common man are not being met in a satisfactory manner. Prices of food articles are going up without check. When I went to a Bazar last week in Bangalore, I was shocked to find that the rice was selling at Rs. 4/- per Kg. Never in the history of a rice State did I find such a high rate. It is on account of the folly of the Government where without making proper arrangement they have arranged to collect the levy from the mill. So, paddy is not coming to the mills and in the last two weeks the cose of rice has gone up 30 to 50 paise per Kg. Further, clothing is becoming costly day by day. Cost of textile goods is not less than Rs. 8 or Rs. 10. Even an ordinary cloth will cost more than Rs. 8 or Rs. 10. Here I may add never before in the history of silk trade tht cost of silk had gone up so high. Now raw silk costs Rs. 700/-. It is now three times more than what it was last year. Silk may not be a necessity, but it is a question of life for the weavers who have to provided with some help. Because of high cost, the weavers will be put to great hardship. Therefore, a lot on that side is to be done. With prohibitive material cost and the greater demand for housing, rent and pagari has become abnormal and the ordinary man finds it very difficult to get a shelter these days. When the Government is unable to give bare necessity-food, clothing and shelter—how can we say man is happy these days? Therefore, any Budget that is placed here must in the long run help the common man. I am sorry, Sir, the performance of the Budget during these eight months has

[Shri T. R. Shamanna]

not given any relief to the common man.

We find here that we have to provide funds necessarily for Defence and that the international loans and the establishment charges are very high and the saturation point has already reached. So, it is not advisable to tax heavily. Therefore, my only suggestion here is that without additional tax, with economy and efficient management, the Budget is to be managed so that the people may not find it very difficult to make a living. I do have very great respct for our Finance Minister. He is a very honest and efficient person, but still I find that things have gone out of control. He is unable to see that things are brought to proper order. Growing unemployment is a serious problem. A time may come when it may be difficult to find one job even for every 10 or 15 persons.

We have now got hardly three months for the Budget year to be completed. I am sure we will have one or more demands. In the meantime, I plead with the Finance Minister to see that the life of ordinary people is made happier, to some extent at least. Government and the traders have a great responsibility in this. They have to see that people get their food and clothing conveniently.

Government of India is trying to import large quantities of wheat, sugar and cement. India is capable of producing large quantities of cement because we have got limestone labour and power. We know fully well that the dearth of cement during the last few years could have been avoided if Government had taken precautionary steps, and it would not have become necessary to import it. On the one hand, we say we have got a bumper crop, and on the other, we are importing wheat and sugar. Why should we?

The idea to have buffer stocks is good, but when we can produce them where is the need to import—that is my question. Further more, when arrangements have been completed to borrow large sums from World Bank, it is very necessary for us to build up foreign exchange reserves, not only to meet our foreign exchange needs, but also to see that our loan commitments are met to a large extent. If there is no careful planning, I am sure we will have to suffer in the near future. I hope Government will take all precautions to see that they have a well-balanced, well-calculated and scientific mode of Budget preparation. I hope that with economy and with efficient collection of revenues, Government will improve its financial position, so that the people may become happy.

MR. CHAIRMAN: Mr. Shiv Kumar Singh is not here. Mr. G. L. Dogra.

**श्री गिरधारी लाल डोगरा** (जम्मू) : जनाबेआली, मैं आप का बहुत मशकूर हूं, आप ने मुझे मौका बख्शा है ताकि मैं अपने खयालात का इज़हार कर सकूं। सब से पहले तो मैं अपने फाइनेंस मिनिस्टर साहब को मुबारकबाद पेश करता हूं। एक तो इस बात के लिये कि उन्होंने इन्फलेशन का रेट बहुत ही अच्छे तरीके से कम किया, उस पर काबू पाया। दूसरी बात यह है कि अगर हम सप्लीमेंटरी डिमाण्ड्स को देखें तो उस में सब से खास बात यह पायेंगे कि उन्होंने तमाम गवर्नमेंट आफ इंडिया में फाइनेंशल डिसिप्लिन को इन्ट्रोड्यूस कर दिया है। इतने बड़े बजट के मुकाबले इतनी थोड़ी सप्लीमेंटरी डिमाण्ड्स और वे भी बहुत जरूरी हैं, इस से यह बात जाहिर होती है कि हमारे सरकारी महकमों में फाइनेन्शल डिसिप्लिन का एहसास किस कदर हो गया है; बावजूद इस बात के कि दुनिया के हालात ज्यादा पेचीदा हो रहे हैं, नये नये मसायल पैदा हो रहे हैं, उन से हम को भी दो-चार होना पड़ रहा है। डिफेंस का मसला आज बहुत ज्यादा पेचीदा होता जा रहा है लेकिन उस के बावजूद भी बजट को इस तरह से रखना;

एक काबिले-तारीफ बात है और न सिर्फ फ़ाइनेन्स मिनिस्टर बल्कि सारे फाइनेन्स डिपार्टमेंट के लिये तारीफ की बात है, वे भी मुबारकबाद के मुस्तहक हैं।

. . . .

अब मैं कुछ खास बातों की तरफ आप की तवज्जह दिलाना चाहता हूं—हम अपनी इकानमी को इम्प्रूव भी करें, अपने इक्तसादियात को बढ़ायें, अपनी पैदावार को बढ़ायें, और कुछ ऐसे मसाइल हैं जिन को अगर हम ठीक तरीके से इस वक्त हल नहीं करेंगे, तो बहुत पेचीदगी मुल्क में पैदा हो जाएगी।

. . . .

सब से पहली बात तो हमारी जो प्राइस लेबिल है, उस के बारे में कहना चाहता हूं। प्राइस लेबिल के लिये इस वक्त जो हम फीगर्स नोटिस में लेते हैं, वे होलसेल प्राइस इनडैक्स वाली हैं मगर कन्जूमर को रिटेल प्राइस से दो चार होना पड़ता है लेकिन मैं यह बताना चाहता हूं कि रिटेल प्राइस को और होलसेल प्राइस में बड़ा फर्क है। यह एक एडमिनिस्ट्रेटिव मसला है, समाजी मसला है और इक्तसादी मसला है, जिस को हमें हल करना होगा। हमारा जो कंज्यूमर है और खास तौर से वह आदमी जो आम वोटर है, उस का जो मसला है, उस को देखते हुए हमें इसे हल करना होगा। स्टेटिस्टिक्स उस को सैटिसफाई नहीं कर सकती। उस की जो आमदन है और उस का जो खर्चा है, जब तक ऐसे हालात न हों कि वह उन में उन को बैलेंस कर पाए, तब तक मुल्क में अमन व चैन नहीं होगा। यह ठीक है कि हम ने इन्फ्लेशन को पहले से कम कर दिया है और अगर कंट्रोल न कर पाते तो कुछ नहीं हो पाता। अब मौका है कि इस तरफ तवज्जह दी जाए और उस के लिए एक स्पेशल स्टडी कराई जाए और इस को आप हल करें। मेरे पास समय बहुत कम है, इसलिए जो कुछ मेरे दिमाग में इस बारे में है, वह मैं कहना नहीं चाहता। अगर मैं सब बातें लूं कहने तो पूरा टाइम उसी में चला जाएगा और बाकी जो दूसरी जरूरी बातें हैं, वे रह जाएंगी।

. . . .

एक बात तो मैं यह कहना चाहता हूं कि यह जो आपका पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम है, यह शहरों में ही चल सकता है और यह कास्टली भी है और इस में कुछ कमजोरियां भी हैं। उन कमजोरियों को दूर कर सकते हैं मगर सेन्ट्रल गवर्नमेंट ही इस में सब कुछ नहीं कर सकती क्योंकि स्टेट गवर्नमेंट्स बीच में आ जाती हैं। इसलिये सेन्ट्रल गवर्नमेंट सीधे इस में दखल नहीं दे सकती है और उस के लिए ऐसा करना मुमकिन नहीं है। इस को कैसे ठीक किया जाए, इस के बारे में आप को सोचना चाहिए। इस में सब से बड़ी बात यह देखनी होगी कि यह जरूरी नहीं है कि प्राइवेट सेक्टर सारे का सारा करप्ट है, डिस्ट्रीब्यूशन का काम करने वाले सारे व्यापारी करप्ट हैं, मैं इस बात को नहीं मानता। मैं ने पहले भी फाइनेन्स मिनिस्टर साहब से अर्ज किया था और अर्ज भी करता हूं कि हमारे जो बैंक्स हैं, जो लोन देते हैं इन्डस्ट्रियलिस्ट्स को, जो लोन देते हैं व्यापारियो को, वे इस में एक बहुत बड़ा रोल अदा कर सकते हैं। होर्डिंग को रोका जाए मगर सर्कुलेशन को स्ट्रैंगूलेट अगर कर दिया जाएगा, तो उस से मंहगाई बढ़ेगी, ब्लैक-मार्केटिंग बढ़ेगी। होर्डिंग हम नहीं रोक सकते, बैंक ही रोक सकते हैं। सप्लाई डिपार्टमेंट के अफसर या इंसपैक्टर और पुलिस भी इस को नहीं रोक सकती। मैं इस बात को बखूबी जानता हूं क्योंकि एडमिनिस्ट्रेशन के साथ मेरा ताल्लुक रहा है। आप बेशक डेक्लेरेशन कर के इस को न लें लेकिन जब तक आप डाइरेक्शन्स नहीं देंगे, तब तक यह होगा नहीं।

. . . .

एक बात और बैंकों के सिलसिले में कहना चाहता हूं। हमारे यहां बैंक काफी बढ़े हैं और इस के लिए मैं मुबारकबाद देता हूं फाइनेन्स मिनिस्टर साहब को और उनकी

[श्री गिरधारी लाल डोगरा]

मिनिस्ट्री को। उन्होंने रूरल बैंकिंग का भी एक्सपेंशन किया है और रूरल एरियाज के लिए काफी किया है। वे सब एक नया बैंक बनाने जा रहे हैं जो इन्टेग्रेटेड डेवलपमेंट को बढ़ावा देगा मगर इस के बावजूद बैंकों पर कंट्रोल रखने के लिए एक नई मशीनरी बनानी होगी क्योंकि पुरानी मशीनरी जो है, वह मैं समझता हूं नाकाफी है। रिजर्व बैंक के आदमी बम्बई में बैठ कर पूरा कन्ट्रोल नहीं कर सकते। यह सही है कि उनके कुछ ज़ोनल आफ़िस हैं लेकिन वहां पर एक-दो अफसर होते हैं और वे पूरी तरह से कन्ट्रोल नहीं कर सकते। वे यह नहीं देख सकते कि ठीक तरीके से बैंकिंग व्यवस्था चल रही है या नहीं। अगर थोड़ा सा करप्शन इधर-उधर है, तो उस को निकाला जा सकता है। करप्शन की बहुत सी शिकायतें आती हैं। उन में से बहुत सी गलत हैं और कुछ दुरुस्त हैं लेकिन मैं यह चाहूंगा कि उन पर कन्ट्रोल रखने के लिए कोई अच्छा इन्तजाम होना चाहिए और इस तरफ आप को ध्यान देना चाहिए।

अभी एक माननीय सदस्य ने कहा कि जब आप के यहां किसानों ने इतनी ज्यादा गन्दुम पैदा की है, तो फिर आप ने इम्पोर्ट क्यों की है। कारण यह है कि लोगों ने अनाज अन्दर रखा है अब अगर सख्ती की जाए और जिन लोगों ने अन्दर उस को रखा हुआ है, उन से वह निकाली जाए, तब फिर दूसरी बातें कही जाएंगी। मैं यह जरूर कहना चाहता हूं कि जितना फाइनेन्स प्रोवाइड किया जाता है, वह अमीर फार्मर्स ही ले लेते हैं। कोआपरेटिव बैंकों पर उन का कब्जा है और वह ही रूरल एरियाज में क्रेडिट देते हैं। इसलिए इस में कुछ चेन्ज करने की जरूरत है। आप के जो कमर्शियल बैंक्स हैं, उन के लिए तो आप ने यह रखा है कि उस का जो चीफ एगजीक्यूटिव है, वह रिजर्व बैंक की मर्जी से बनाया जाएगा और उस की कुछ रेस्पांसीबिलिटी है मगर रूरल बैंक का जहां तक ताल्लुक है, मैं ने बहुत दफा कोशिश की है और फाइनेन्स मिनिस्टर साहब से रिक्वेस्ट भी की है, स्टेट कोआपरेटिव बैंकों के चीफ एगजीक्यूटिव भी रिजर्व बैंक को अपवाइंट करने चाहियें कि इस के बारे में गवर्नमेंट क्यों नहीं सोचती है, जिस से जितने भी इल्स रूरल एकोनामी में हैं, वे दूर हो जाएंगे आज वहां पर जो खराबी है, उस के लिए रूरल क्रेडिट का मिसयूज ही रेस्पांसिबिल है। जितना भी क्रेडिट आज रूरल एरियाज में जा रहा है उस के ज्यादा हिस्से का मिसयूज हो रहा है।

दूसरी बात मैं अनएम्पलायमेंट के बारे में कहना चाहूंगा। इस में एजुकेटेड और अनएजूकेटेड अनएम्पलायमेंट दोनों आते हैं। गांवों के अन्दर यह हुआ है कि जो लैंड रिफार्म्स हैं, वे बड़े स्केल पर स्टकल हुए हैं। और शायद उस को वापस अमल में लाना मुमकिन भी नहीं होगा। मगर जो लोग वहां रह रहे हैं, एग्रीकल्चरल लेबर है, जिस के पास एम्प्लायमेंट नहीं है, जिस को कि मशीनरी ने रिप्लेस कर दिया है, ऐसे लोगों पर तवज्जो देना चाहिए। एक तरफ मैन पावर बेकार है। दूसरी तरफ हमारा फारेन एक्सचेंज डीजल और पैट्रोल पर खर्चा होता है। वह कहां जाता है? हमें अपने मुल्क की मैन पावर को फर्स्ट प्रेफरेंस देनी चाहिए। जहां वह इस्तेमाल हो सकती है वहां उस को इस्तेमाल किया जाना चाहिए। जहां नहीं हो सकती है वहां दूसरी बात है। आखिर जमीन तो सब इन्सानों के लिए बनी है, चंद इन्सानों के लिए तो बनी नहीं है। $12\frac{1}{2}$ वर्ष हो गए जिन लोगों ने हम को यहां भेजा है, उन की कोई बात नहीं करता।

हमारे अपोजिशन के लोग, मुझे अफसोस है, मोनोपली हाउसिज के बारे में तो बोल हैं लेकिन जहां तक लैण्ड रिफार्म्स का ताल्लुक है इसमें वे चुपी साध लेते हैं। इस से अवाम का ताल्लुक है और हम सभी को

इसके बारे में एक राय से बोलना चाहिए। जो लोग नौकरी में हैं, वे आर्गेनाइज्ड होकर जरिये से वे अपनी मांगे मनवा लेते हैं, और बहुत सी रियायतें हासिल कर लेते हैं। और जो लोग जरूरियात जिन्दगी पैदा करते हैं वे आर्गेनाइज्ड सेक्टर में नहीं हैं। जो भाव बढ़ते जाते हैं उनका भी सामना करना पड़ता है। उन सब का बोझ गरीब आदमी पर पड़ता है। जनाबेआला इन चीजों की तरफ भी आपको तवज्जो देने की जरूरत है। मैं फाइनेंस मिनिस्टर साहब से दरख्वास्त करूंगा कि इसका कोई न कोई हल निकालें। मैं इस बात को समझता हूं कि इस में टाइम की जरूरत है।

हमें अपने मुल्क में प्रोडक्शन को इंक्रीज करने की जरूरत है। इसके लिए हमें स्माल फार्मर्स, मार्जिनल फार्मर्स, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज, रूरल इंडस्ट्रीज और हेण्डीक्राफ्ट्स की तरफ तवज्जो देनी चाहिए। तभी गरीब आदमी की हालत सुधरेगी और इस से छोटे-छोटे लोगों के पास भी पैसा जाएगा।

जहां तक रिहेबलिटेशन का ताल्लुक है, वह भी एक बहुत जरूरी चीज है। जब हम डिफेंस करते हैं तो उसके लिए नयी-नयी मशीनरीज और माडरन हथियार हमारे पास होने चाहिए। हमें एफ०-16 हवाई जहाजों से भी हिफाजत करनी है। लेकिन यह सब होते हुए भी जब तक हम बार्डर के लोगों के मसले हल कर के उन्हें कंटेनमेंट नहीं देंगे, तब तक हम अपनी हिफाजत भी बहुत अच्छे तरीके से नहीं कर सकेंगे। वार में हमारी सिविल डिफेंस भी बहुत बड़ा पार्ट प्ले करती है। पाकिस्तान या चीन के साथ 1947, 1962, 1965, 1971 की जितनी भी लड़ाइयां हुई हैं उन सभी में हमारी स्टेट जम्मू व काश्मीर के लोगों ने मार खायी है। उन लड़ाइयों में हमारी स्टेट के लोगों के मसले जो खड़े हुए थे वे अभी तक हल नहीं हो पाये हैं। हमने सेंट्रल गवर्नमेंट से पहले भी कहा था और अब भी कह रहे हैं। वह कर भी रही है लेकिन जितने ये मसले हल करने में देरी होती जाएगी उतने ही ये मसले बढ़ते जाएंगे। स्टेट गवर्नमेंट इन मसलों को काम्पलीकेट कर रही है। इसलिए मैं चाहूंगा कि हमें इनकी तरफ भी तवज्जो देनी चाहिए।

हमारे लोग पाकिस्तान जाते हैं, सिख भी जाते हैं, हिन्दू भी जाते हैं। वहां वे लोग हम से बहुत मोहब्बत करते हैं। वहां अभी भी लोग गए थे। वहां उनकी बड़ी खातिर हुई हमारे लोगों को अपने घरों पर ले गए वे हमारी बातें सुनना चाहते हैं और हमारे ख्यालात जानना चाहते हैं। लेकिन जहां तक इंफोर्मेशन और ब्राडकास्टिंग का ताल्लुक है, चाहे वह टेलीविजन हो, चाहे रेडियो हो, इसकी तरफ पूरा जोर नहीं दिया जाता है। कभी कोई जहां आता है तो कह देते हैं कि हम जम्मू के अंदर एक टेलीविजन का स्टेशन बना रहे हैं, मगर अमल नदारत। यह शिकायत राजस्थान वाले भी करते हैं। इस तरफ भी तवज्जो दिये जाने की जरूरत है। हम अपनी बातें उन्हें टेलीविजन के जरिये दिखा सकते हैं और रेडियो के जरिये सुना सकते हैं। पाकिस्तान बार्डर के करीब हमारे रेडियो और टेलीविजन स्टेशन हर स्टेट में बनने जरूरी हैं। इस तरफ बहुत तवज्जो देने की जरूरत है। लद्दाख के रेडियो से हम तिब्बत के लोगों को प्रभावित कर सकते हैं। वहां भी आपको तवज्जो देनी चाहिए।

हमारी ट्रेड चीन के साथ और तिब्बत के साथ होती थी। चीन के साथ अगर कोई सुलह हो रही है तो ठीक है।

[श्री गिरधारी लाल डोगरा]

मैं चाहता हूं कि हमारा व्यापारी, कलचरल और एजूकेशनल संबंध पहले की तरह रशिया और चीन से कायम हो जाएं। और फिर मैं फाइनेंस मिनिस्टर साहब को, उनके डिपार्टमेंट और सारे एडमिनिस्ट्रेशन को मुबारकबाद देता हूं कि जिस डिसिप्लिन का सबूत वह दे रहे हैं और जिस खूबी के साथ आगे बढ़ रहे हैं उस पर गौरव कर सकते हैं मगर जिन बातों की तरफ तवज्जह देनी चाहिये वह सामने रख कर हमें अपने वोटरों को सैटिस्फैक्शन देना जरूरी है। मैं हाउस के मेम्बरों से कहना चाहता हूं कि हम सभी जिन गरीब आदमियों और वोटरों की मदद से यहां आये हैं हम भी उन की तरफ पूरी तवज्जह दें।

**श्री झारखण्डे राय** (घोसी) : सभापति महोदय, इस अनुपूरक बजट में नई दिशा-निर्देशन की आशा तो नहीं की जाती, लेकिन उस की थोड़ी झलक की आशा हमेशा की जाती है। ऐसी कोई झलक या दिशा निर्देश इस अनुपूरक बजट में हमको दिखाई नहीं पड़ता। बिलकुल रोटीन, रिचुअल, स्टेटसको बजट है, जैसा इस सदन में पेश होता आया है। मैंने 16 साल यू० पी० असेम्बली में भी अनुभव किया, वैसे ही यहां भी 13 साल से किया है। कोई रेडीकल, कोई मूलभूत परिवर्तन की तरफ किसी बजट में न संकेत मिला है और न इस में मिला है। यह सब से बड़ा दुर्भाग्य हमारे देश की मौजूदा व्यवस्था का है।

पिछले 30 वर्षों में हमारे देश ने आजादी के बाद जिस रास्ते पर अपने पैर बढ़ाये, वह पूंजीवादी विकास पथ था, उस रास्ते से मौलिक परिवर्तन की कोई सूचना अब तक 35 साल में हमको या हमारे देश को, देश की जनता को नहीं मिली है। इसी कारण पूंजीवादी विकास पथ के जो अंजाम होते हैं, जो अनुभव पूंजीवादी देशों में हुआ है, अमेरीका, ब्रिटेन, पश्चिमी यूरोप के देशों में, जापान वगैरह में, वही हमारे देश में भी धीरे धीरे उभर कर सामने आ गये हैं और इन गुत्थियों में सरकार, जनता, विपक्ष सभी फंसते चले जा रहे हैं।

दिनों-दिन बढ़ती हुई कमरतोड़ मंहगाई का कोई समाधन 35 सालों में नहीं निकल पाया। सरकारें आईं और गईं, कांग्रेस सरकार रही, जनता पार्टी की सरकार आई, 6 महीने लोक दल की सरकार बनी, फिर कांग्रेस (आई) की सरकार आई, लेकिन अब दो साल बीत गये, मंहगाई के ऊपर किसी का भी संतोषजनक नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। इस का वित्त मंत्री जी क्या जवाब देंगे, यह लोग जानना चाहते हैं।

आंकड़ों की जगलरी और जिमनैजियम से किसी से इस का हल निकलता नहीं है। इसी सदन में एक सदस्य ने कहा था कि छठी पंचवर्षीय योजना के अन्त तक ढाई करोड़ रजिस्टर्ड बेकारों की समस्या है, थोड़ी कम हो या ज्यादा हो, उसका महत्व नहीं है लेकिन रजिस्टर्ड बेकारी ढाई करोड़ से अधिक जिस देश में हो जाये उसका समाधान नहीं निकल पा रहा हो तो क्यों? यह हाउस जनता, राष्ट्र और जन-जन पूछ रहा है। यहां बातों से किसी को अकेले संतोष नहीं होता। संतोषजनक जवाब लोग चाहते हैं।

मध्यम और लघु उद्योग मिटते जा रहे हैं या गिरते जा रहे हैं, टूटते जा रहे हैं, बन्द होते जा रहे हैं, कच्चे माल का अभाव है, बिजली नहीं है। जो कुछ माल आखिरकार बनाया है, उसका बाजार नहीं है। नतीजा यह हो रहा है कि बेरोजगारी और कारोबार का बन्द होना बड़े पैमाने पर हो रहा है। यह क्यों? इस "क्यों" का जवाब हम

**16.00 hrs.**

चाहते हैं। जो लोग ब्रह्म को मानते हैं, वे कहते हैं सर्वव्यापी ब्रह्म। सर्व-व्यापी ब्रह्म, घट-घट व्यापी राम, आम्नीप्रेजेन्ट गार्ड और हाजिर नाजिर खुदा की तरह भ्रष्टाचार हमारे सामाजिक और राजनैतिक जीवन के रेशे रेशे में, रग रग में रक्त के एक एक कार्पसल में, बढ़ता और फैलता जा रहा है। क्या इसका कोई समाधान निकलने की आशा दिखाई पड़ रही है?

अमीर और गरीब की खाई कितनी बढ़ी है? इसी सदन में सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री अशोक मेहता ने कहा था कि अंग्रेजों के राज्य की तुलना में अमीर और गरीब का अन्तर ज्यादा बढ़ गया है। मुझे उनके फ़िगर्ज ठीक से याद नहीं है। आंकड़े वित्त मंत्री बता देंगे।

आज चारों ओर अराकता, उच्छंखलता और अनुशासनहीनता है और जीवन मूल्यों का चतुर्मुखी ह्रास, स्टीप फाल होता जा रहा है। क्यों? इस "क्यों" का जवाब राष्ट्र के नए हुकमरानों से लोग पूछना चाहते हैं। हमेशा यह कहने से काम नहीं चलेगा कि तीन साल में श्री दंडवते ने बहुत गड़बड़ी की थी, हम उसकी सफाई कर रहे हैं। यही बात ये लोग भी कहते थे। मैं 1977 के चुनाव में हार गया था, मैं यहां नहीं था, लेकिन मैं पेपर्ज में पढ़ता था कि ये लोग कहते रहते थे कि ये कांग्रेस के तीन साल का कूड़ा-कर्कट साफ कर रहे हैं—और करते करते खुद साफ हो गए एक दूसरे पर छींटा कसने से सफाई नहीं होगी। इस देश के सारे हुकमरानों से, सब मंत्रियों से और आगे पीछे केन्द्रीय शासन में रहने वाली सब पार्टियों से देश, जनता और इतिहास से सवाल पूछते हैं।

मिश्रित अर्थ-व्यवस्था की चर्चा हल्के-हल्के अभी भी हो रही है। क्या वित्त मंत्री का हृदय यह कुबूल नहीं करता है कि मिक्स्ड इकानोमी का एक्सपेरिमेंट इंडिया में पूरी तरह से फेल हो गया है? आवश्यकता इस बात की है कि 35, 36 साल के अनुभव से सीख कर उस पूंजीवादी पथ को छोड़ दिया जाए और नये समाजवादी विचारों और नई समाजवादी नीतियोंको ग्रहण किया जाए। लेकिन इस सरकार की नीति है कि जो पकड़ लिया, उसको छोड़ना नहीं है। वह मिक्स्ड इकोनोमी की नीति के साथ चिमटी जा रही है। बच्चा तो मर गया, अगर बंदरिया भी मर जाए, तब भी कोई बात नहीं है।

इस सदन में राष्ट्रनेता पंडित जवाहरलाल नेहरू प्राइम मिनिस्टर की हैसियत से एक बार आंकड़े पेश कर रहे थे—वे आंकड़े कहां से आते हैं, हम जानते हैं—कि देश में कितना विकास हुआ है और अलग अलग क्षेत्रों में कितना बढ़ कर उत्पादन हुआ है। बोलते बोलते उनके मन में भाव आया होगा कि यह नया धन और सम्पत्ति कहां गए। तो महालनवीस आयोग बन गया। उसकी रिपोर्ट थी कि 70 फीसदी धन चन्द घरानों के पास चला गया और 30 फीसदी 60 करोड़ जनता के पास रह गया। अमीर और गरीब तथा अमीर और मध्यम वर्ग का अंतर बढ़ गया। तब राव कमीशन आ गया और उन 75 परिवारों की सृष्टि हुई, जिनका हिन्दुस्तान की दो-तिहाई सम्पत्ति पर कब्जा है।

क्या यह समाजवाद है या समाजवाद की विडम्बना है? क्या एक लोक-कल्याणकारी राज्य बन रहा है या समाजवाद के नाम पर अपार पूंजीवाद का विकास किया जा रहा है? लाखों के मालिक करोड़ों, करोड़ों के मालिक अरबों और अरबों के

[श्री झारखण्डे राय]

मालिक खरबों के मालिक बनने का प्रयास कर रहे हैं। क्या यह देश के साथ धोखा है या आत्म-बंचना है? एक तरफ धन और सम्पत्ति का कैलाश, हिमालय एवेरेस्ट, कंचनजंघा खड़ा हो रहा है और दूसरी तरफ गरीबी, विभिन्नता अकिंचनता और दारिद्रय का विशाल मरूस्थल और पाताल बन रहा है। ऐसा कुछ परिवर्तन नहीं हुआ, जिस से यह अन्तर मिटे। इस स्थित में शासन तो चल सकता है, लेकिन लोक-कल्याण नहीं हो सकता है।

इसका समाधान एक है। अगर 35 साल के अनुभव से कुछ सीखना है, तो वह यही है कि पूंजीवादी विकास का रास्ता हमको अब छोड़ना होगा और समाजवाद की ओर चलना होगा। देश कल्याण का और कोई रास्ता नहीं है। इस रास्ते में ठोकरें लगेंगी, अनुभव होगा, पीछे हटेंगे, आगे बढ़ेंगे, लेकिन पूंजीवाद से बेहतर सोशल और इकानोमिक सिस्टम समाजवाद है, यह सर्वमान्य और सत्य है। और किसी भी कारोबार में नहीं है।

मैं तो उस समय हक्का बक्का रह गया जब इसी सदन में पिछले 18 सितम्बर को अविश्वास के प्रस्ताव पर बहस हो रही थी और इंदिरा जी बहस का जवाब दे रहीं थीं, बोलते बोलते शायद चित्त बसु जी उनके दिमाग में रहे होंगे, क्यों कि वह बेकारी के ऊपर ही बोले थे और तमाम आंकड़े उन्होंने दिए थे कि पहली दूसरी, तीसरी, चौथी और पांचवीं योजनाओं के बाद बेकारी की क्या स्थिति है और छठी पंचवर्षीय योजना के बाद क्या संभावना है, इसी पर कुछ कहा उन्होंने और मैं सचमुच उस दिन निराश हो गया, आखिरी आशा की जो किरण थी इस सरकार से वह भी खत्म हो गई जब उन्होंने कहा कि बेकारी तो सारी दुनिया में है। कहां नहीं है? क्या किया जाय? इसके माने हार मान ली। देश इस बात को जान जाय कि वह हार मान गई। आज के सर्वोच्च सत्ता सम्पन्न व्यक्ति ने हार मान ली कि वह नहीं रोक सकता न मंहगाई को रोक सकता है न बेकारी को। तब फिर क्यों आप वहां सत्ता में रहें? यह प्रश्न क्या नही उठता है? लाजिकल कारोलरी होती है कि आप लोग क्यों वहां रहें? क्यों न वहां सत्ता से हट जाएं? नया चुनाव कराइये और दूसरों को मौका दीजिए अगर वह विश्वास प्राप्त कर के आएं। ऐसा प्रवचन देते समय बाहर या भीतर कभी भी हमारी प्राइम मिनिस्टर इस बात को नहीं सोचतीं कि दुनिया का एक तिहाई समाजवादी व्यवस्था वाला हिस्सा ऐसा है कि जहां यह पूंजीवादी अभिशाप नहीं है। क्यों नहीं है? क्या उनके चार चार हाथ और पैर हैं? नहीं। केवल व्यवस्था परिवर्तन का प्रश्न है। पूंजीवादी व्यवस्था के अंजाम यह रहेंगे उसके नतीजे यहीं रहेंगे। और सोशलिस्ट सिस्टम में यह सब खत्म होगा। वही तरीका अच्छा है। अनुभव-सिद्ध तरीका वही है। और हम इस रास्ते को बदलें।

उत्तर प्रदेश के बारे में कह कर खत्म करूंगा। उत्तर प्रदेश के तीन पिछड़े क्षेत्र हैं—पूर्वांचल, पर्वतीय और बुन्देलखंड, इनके द्रुत विकास का प्रयास अब तक नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश के लिए एक पटेल कमीशन नेहरू जी के जमाने में बना था। वह भी सड़ सड़ा गया। उसको फिर से संशोधित कर के उत्तर मंहगाई को ही आप लीजिए। अब इस पर आकड़ों में तो हमारे भाई बोल चुके हैं, बहुत लोग बोले हैं, हमेशा बोलते हैं, तो आंकड़ों में मत जाइये। लेकिन यह सत्य है न कि हर चीज की मंहगाई थोक और

फुटकर बढ़ती जा रही है, बढ़ती जा रही है, इकने का तो नाम ही नहीं है। कम होने की बात तो छोड़ दीजिए। क्या यह सत्य नहीं है कि हमारी प्राइम मिनिस्टर इंदिरा जी ने इन्हीं दो बातों का नारा दिया था कि हम स्टेबिलिटी लाएंगे, स्थिर सरकार बनाएंगे और मंहगाई को कंट्रोल करेंगे? जनता पार्टी की असफलताओं से लोग थोड़े घबड़ाए हुए थे। उनको विश्वास प्राप्त हुआ, वह सत्ता में आईं। ठीक है, प्रजातंत्र का मतलब ही यही है। लेकिन वह इन दोनों बातों में बिलकुल फेल हो गईं। किसानों के उचित मूल्य को लीजिए। क्या सचमुच यह सत्य नहीं है कि जो भी जीतता है वह किसानों के वोट से ही जीतता है, शासन में आता है तो किसानों के वोट से ही आता है? किसानों की दो ही तो राष्ट्रीय मांगें हैं। एक तो यह है कि एक बार उनका सारा जो किसानों कर्जा है, व्यापार का या दूसरे कामों के कर्जे को छोड़िये जो किसानों से सम्बन्धित काम के लिए ऋण है वह सारे देश में राइट आफ कर दिया जाय। वह कोई बहुत बड़ी रकम नहीं है और दूसरी बात यह है कि उनको उचित मूल्य मिले गन्ने का, कपास का, तिलहन का, मूंगफली का और गेहूं का। हर चीज जो वह पैदा करते हैं उसका उचित मूल्य उनको मिले। ये दो ही तो उनकी राष्ट्रीय मागें हैं। लेकिन दोनों की तरफ माननीय वित्त मंत्री जी बजट में कोई ऐसा कदम नहीं उठा पा रहे हैं कि जिस से उनका समाधान हो कि अब इसके बाद हमें उचित मूल्य मिलेगा। यह तो एक तरह से असफलता मान लेना है।

गन्ने का मामला लीजिए, उत्तर प्रदेश और बिहार की तो मुख्य नगदी फसल गन्ना है। बिहार में 35 रुपए क्विंटल की बात आ गई। हमारे उत्तर प्रदेश में और जगहों में तो 30 रुपए क्विंटल ही है। तो 30 रुपए क्विंटल की बात तो मान लीजिए, 35 की बात बात छोड़ दीजिए ताकि किसान अपनी पैदावार का उचित मूल्य पा सके। गन्ने के पूंजीपति तो भयंकर लूट करते हैं। इन के ऐसी लूट का रेट तो सिवाय गल्ले के व्यापार के हिन्दुस्तान में प्रदेश के 13 जिलों पर लागू कीजिए। भूमि सुधार को तो लगता है सरकार ने छोड़ ही दिया उस को छोड़ा न जाए। काला धन कितना है कितना नहीं है, आंकड़ों की बात छोड़ दीजिए, लेकिन है और अछूत धन है, इस को निकालने के लिए सरकार ने और वित्त मंत्री ने क्या प्रयास किये हैं, उस में कितनी सफलता मिली हैं, यह देश जानना चाहता है। श्री के० आर० गणेश ने एक बार कोशिश की थी। लेकिन वह विभाग उनसे छिन गया। बाद में उन्हें सरकार से निकाल दिया गया। बुनकरों के बारे में बहुत कहा जा चुका है। एक बात में बीमार कारखानों के बारे में कहना चाहता हूं और वह यह कि किसी भी बीमार कारखाने को अगर आप अपने हाथ में लेते हैं मैनेजमेंट की अक्षमता या नालायकी की वजह से तो उसको किसी भी हालत में दुबारा मालिक के हाथ वापस न कीजिए। जैसे आपने डालमिया का सीमेंट कारखाना लिया है। तो जिसको लेते हैं उसको ठीक कर के फिर मालिक को वापस कर देते हैं, यह धंधा बन्द कर दीजिए। और देश में जल परिवहन पर अधिक जोर दिया जाए क्योंकि यह बहुत सस्ता पड़ता है।

इन शब्दों के साथ मैं आप को धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे मौका दिया ताकि मैं अपने मन के भाव प्रकट कर सकूं।

**श्री मूल चन्द डागा** (पाली): सभापति महोदय, एक जमाना था, मैं पुराने जमाने की बात कर रहा हूं . . .

**सभापति महोदय:** आप लड़कपन में थे या जवानी में थे?

**श्री मूल चन्द डागा :** 1921 में जब बजट पेश हुआ तो 129 करोड़ का था। लेकिन जो आपने एक्सविस डिमान्ड्स पेश कीं, तो मैं पहले आपका ध्यान पी० ए० सी० की 57वीं रिपोर्ट की तरफ दिलाता हूं जिसमें लिखा है :—

"In this connection, the Committee are also constrainted to point out that as against the total Grants to the tune of Rs. 21,831.33 crores voted in Parliament, the Appropriation Accounts reveal savings to the extent of Rs. 1,910,49 crores, i.e. 8.8 per cent of the voted provision. The Appropriation Accounts (Civil) disclosed savings of Rs. 1,479.96 crores out of voted amount of Rs. 12,534.79 crores (i.e. 11.8 per cent) and savings of Rs. 1,711.16 crores out of Charged amount of Rs. 31,628.43. crores (i.e. 5.4 per cent). Thus total savings amounted to Rs. 3,191.12 crores (i.e. 7.2 per cent) of the sanctioned povision. Some of the vital sectors of the economy in which large scale savings have been reported in the Capital Section are Agriculture, Fisheries, Rural Development, Irrigation, Communication, Power Development, Medical and Public Health, Industry, Village and Small Industry, Textiles—Handloom and Handicrafts, Petroleum and Petro-chemicals Industry, Chemicals and Fertiliser Industry, Roads, Ports, Light Houses and Shipping, Public Works, Housing and Urban Development, etc. etc.'

इतने बड़े बड़े महकमों में रु० खर्च नहीं हुआ। यह आपके प्रशासन की योग्यता का एक उदाहरण मैंने आपके सामने रखा कि जो कुछ रुपया दिया गया वह खर्च नहीं हुआ। और उन्होंने बताया है :

"The Appropriation Accounts (Civil) disclosed savings of the order of about Rs. 31,191 crores out of the total voted and charged amount of Rs. 41,163 crores. Such large scale savings are indicative of not only bad budgeting but also of the failure of the Departments concerned to make full use of the resources provided to them for the betterment of the people.'

तो सबसे बड़ी बात यह है कि इन विभागों ने जिनका मैंने जिक्र किया सारी रकम खर्च नहीं कर सके। अब आप इतने रु० की एक्सेस ग्रान्ट की डिमान्ड ले कर आये हैं। जब कि रुपया खर्च नहीं कर सके जैसे एग्रीकल्चर, इर्रीगेशन, रुरल डेवलपमेंट आदि विभाग रिपोर्ट को देखने से मुझे आश्चर्य हुआ कि जो रुपया इन कामों के लिए देते हैं, डिपार्टमेंट उसको खर्च नहीं कर पाता है और इसकी डिटेल में रिपोर्ट दी है।

आप 80 करोड़ रु० की मदद दे रहे हैं, उस आदमी को जो इम्पोर्ट करता है और बाहर एक्सपोर्ट करता है। उसके लिए आपकी तरफ से जो रुपए दिये जाते हैं, उसके बारे में मैं फैक्ट्स रखना चाहता हूं। आप जो रुपया देने जा रहे हैं, क्या उसके बारे में आपने सोचा है कि उसका क्या होता है? आडिट रिपोर्ट को देखने के बाद 1,446 केसेज ऐसे हैं, जिसके अन्दर अभी तक मालूम नहीं है कि यदि एक करोड़ का माल तो एक्सपोर्ट किया और करने के बाद 15 लाख रुपया गवर्नमेंट से ले लिया, लेकिन फारन एक्सचेंज रिलीज किया या नहीं किया, यह मालूम नहीं है।

मैं आपको एक रिपोर्ट का हवाला देना चाहता हूं।

Advance Report of the Comptroller and Auditor General of India for the year, 1979-80.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Jadavpur): That is why audit has been stopped. Only 8 per cent auditing is done.

SHRI MOOL CHAND DAGA: I am not quoting all instances but I am quoting one instance that is over pay-

ment of Rs. 2.04 lakhs to firm 'B'—Cash compensatory support on export of steel tubes and pipes was withdrawn with effect from 9th January, 1974. It was, however, noticed in audit that the dates of 'mate' receipts shown in shipping bills on 22nd December, 1973 and on 28th December, 1973 and on 8th January, 1974 had been erased and over-written. On these irregularities being pointed out by Audit, the JCCIE took up the matter with the Collector of Customs Bombay, who intimated that the actual dates of mates receipts were 20th, 7th, 20th, 28th, 15th, 16th and 16th January, 1974 respectively. Since no cash compensatory support was admissible on exports made on or after 9th January 1974, the erasures and overwritings had resulted in overpayment of Rs. 2.04 lakhs on account of cash compensatory support in 6 cases. Recovery of Rs. 2.04 lakhs was made from firm 'B', but no responsibility was fixed on either over-writings or erasures and the matter was not reported to the Police.

PROF. N. G. RANGA (Gunur): Some years ago it happened.

SHRI MOOL CHAND DAGA: Nothing has happened till now. You see the report.

I say what has happened in 1,031 cases and the total amount is Rs. 3 crores and odd.

जो रुपया आप बाहर दे रहे हैं, वह किस को देते है। इस के लिए. कौन जिम्मेदार है, क्या कभी इस का इन्टरनल आडिट होता है ? मैं यह कहना चाहता हूं जो आप एक्सेस डिमाण्ड्स या सप्लीमेंटरी डिमान्ड्स रखते हैं--उस के लिए अब कोई नया प्रोसीजर होना चाहिए, उस में इन्टरनल-आडिट की व्यवस्था भी होनी चाहिए। आप के पास पी०ए०सी० की रिपोर्ट जाती होगी, कभी आप उस को पढ़ें, अगर आप को उस पढ़ेंगे तो आप भी एग्री करेंगे कि जो हमारा सिस्टम है वह डिफेक्टिव है। हम पार्लियामेंट में जो बजट पेश करते हैं, उस के बाद जो प्रपोजल्ज होती हैं उन को देखने के लिए एक कमेटी मुकर्रर होनी चाहिए जो यह जांच करे कि जो रुपया जिस काम के लिए दिया गया वह किस प्रकार से खर्च किया गया, उस का क्या यूटीलाइजेशन हुआ, किस ढंग से यूटीलाइजेशन हो रहा र, सही हो रहा है या गलत हो रहा है। इस वक्त इस तरह की कोई कमेटी नहीं है।

चेयरमैन साहब, आप हमें यह बतलाइये कि इस में किस की एकाउन्टेबिलिटी है, इस के लिए कौन जिम्मेदार है ...

MR. CHAIRMAN: You are asking me of the Minister.

श्री मूल चन्द डागा: आप जो कहेंगे मैं उस को मान लूंगा। जो आप का निर्णय होगा वह ठीक है। आप जज रह चुके हैं, आप जजमेन्ट दीजिए। इस रिपोर्ट में जो दिया गया है वह पढ़ने लायक है, कि कितना रुपया फारन-एक्सचेन्ज का रिएलाइज नहीं हुआ, पुलिस केस भी हो गया लेकिन कभी किसी का चालान नहीं हुआ, वर्षों से एन्क्वायरी चल रही है...

श्री भागवत झा आजाद : (भागलपुर) : सब पैसों की माया है।

श्री मूल चन्द डागा : आज कल हमारे वित्त मंत्री जी कई जगहों पर बड़ी शक्ति से भाषण देते हैं कि हम पब्लिक अण्डरटेकिंग्स में काफी सुधार लायेंगे--लेकिन आप देखिए--टैनरी फुटवियर कारपोरेशन 1969 में बनी थी और शुरु से ही घाटे में चल रही है। बराबर घाटा ही घाटा है। 11 साल के बाद उस का घाटा 5 करोड़ 63 लाख रुपए तक पहुंच गया। लोगों के खून-पसीने की कमाई टैक्सों में लेकर हम किन लोगों को दे रहे हैं, उस का क्या यूटिलाइजेशन हो रहा है ?

हमारे यहां इन्जीनियरिंग प्राजेक्टस (इण्डिया) लि० को आपने 12 करोड़ रुपया दिया। हमारे इन्जीनियर्स बाहर जाते हैं, बड़ा अच्छा काम करते हैं, कवैत में आप ने

[श्री मूल चन्द डागा]

कुछ बताया, लेकिन 12 करोड़ रुपये का घाटा हो गया। मुझे समझाइये इस तरह से हम पब्लिक अन्डरटेकिंग्स को पैसा देते जाएं और वे घाटा-ही घाटा उठाती जायें तो इस से क्या फायदा है ?..

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: You have put incompetent people in the management. That is why they are incurring losses.

**श्री मूल चन्द डागा** : मैं यह अर्ज कर रहा हूं...

**श्री सोम नाथ चटर्जी** : एक प्वाइन्ट डागा साहब का अच्छा था, लेकिन यह गड़बड़वाला प्वान्ट उन को मिल गया है।

**सभापति महोदय** : अब, डागा साहिब, खत्म कीजिए, बहुत हो गया है।

**श्री टी० एस० नेगी** : (टिहरी गढ़वाल) : चेयरमैन साहब, वित्त मंत्री महोदय ने जब से सदन में मूल बजट पेश किये, तब से आज तक खाद्यान्नों की कीमतें करीब करीब दुगनी हो गई हैं और बहुत सी वस्तुओं की कीमतें तो तीन गुनी और चार गुनी तक पहुंच गई हैं और इस के लिए जवाब हम को यह मिलता है कि सारी दुनिया में कीमतें बढ़ रही हैं। वित्त मंत्री महोदय हम को यह बताएं कि दुनिया के दूसरे मुल्कों में मजदूरों को क्या मिलता है, पर डे उन की मजदूरी क्या है। उन की जो आमदनी है वह कितनी बढ़ी है और हमारे मुल्क में कितनी बढ़ी है।

हमारे मुल्क में आज भी 60 परसेण्ट (प्रतिशत) से ज्यादा लोग गरीबी की रेखा के नीचे हैं। क्या वित्त मंत्री महोदय ने यहां के मजदूरों की मजदूरी बढ़ाई क्या कारखानों और दफ्तरों में काम करने वाले लोगों की तनख्वाहें बढ़ाई ? इस पर उन को ध्यान देना चाहिए। अगर महंगा के रेशो में इन्कम भी बढ़ती और महंगाई हो जाती, तो कोई ज्यादा परेशानी की बात नहीं थी लेकिन आमदनी तो ज्यों की त्यों रही और कीमतें बढ़ती चली जा रही हैं। नतीजा यह हो रहा है कि गरीब और गरीब होता चला जा रहा है और अमीर लाखों, करोड़ों और अरबों रुपया जमा कर रहा है।

